संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -140 गुरूवार , 21 मार्च 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

संक्षिप्त खबरें

कैबिनेट मंत्री पशुपति पारस का इस्तीफा मंजूर

रिजिजू को मिला उनका प्रभार

नई दिल्ली,20 मार्च 2024(ए)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। पारस ने सीट-बंटवारे में उनकी पार्टी की अनदेखी के कारण मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया था। वे खाद्य प्रस्संकरण मंत्री थे। अब पारस की जिम्मेदारी कैबिनेट मंत्री किरेन रिजिजू संभालेंगे।

यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली,20 मार्च 2024 (ए)। यूपीएससी ने सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित कर दिया है। इससे यूपीएससी की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को बड़ा झटका लगा है। संघ लोक सेवा आयोग की ये परीक्षा 26 मई को होने वाली थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण इसे 16 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया। यूपीएससी ने कहा, 'आम चुनाव कार्यक्रम के मद्देनजर आयोग ने सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा - 2024 को स्थगित करने का निर्णय लिया है, जो 26 मई के बजाय 16 जून को होगी। यह परीक्षा भारतीय वन सेवा परीक्षा, 2024 के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का भी काम करती है।

नामी एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को उम्रकैद

» निचली अदालत ने कर दिया था बरी...

» कुल 14 लोगों को हुई सजा



मुंबई,20 मार्च 2024 (ए)। देश के नामी एनकाउंटर स्पेशलनिस्ट प्रदीप शर्मा को बॉम्बे हाई कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। प्रदीप समेत 14 दोषियों को रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया के फर्जी एनकाउंटर के मामले में यह सजा दी गई है। लखन भैया नामक गैंगस्टर छोटा राजन गैंग का मेंबर था। उसका एनकाउंटर मुंबई के ही वर्सोवा में नवंबर 2006 में हुआ था। इस एनकाउंटर को जांच में फर्जी पाया गया था। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस गौरी की डिविजन बेंच ने 13 अन्य लोगों की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा, जो निचली अदालत ने सुनाई थी। इनमें से एक प्रदीप सूर्यवंशी भी हैं, उन्हें भी एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के तौर पर ख्याति प्राप्त रही है। इन सभी पर आरोप था कि इन्होंने लखन भैया को नवी मुंबई के वाशी इलाके से किडनैप किया था। लखन के एक दोस्त अनिल भेड़ा को भी पकड़ा गया था। इस मामले में अदालत ने 6 आरोपियों को बरी कर दिया है, जबकि दो लोगों के खिलाफ केस ही बंद हो गया है। इन लोगों की उच्च न्यायालय में अपील दाखिल होने के बीच ही मौत हो गई थी। 12 जुलाई 2013 को मुंबई की सेशंस कोर्ट ने प्रदीप शर्मा को इस मामले में बरी कर दिया था, मगर प्रदीप सूर्यवंशी समेत अन्य लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

अपहरण के बाद फेक एनकाउंटर का आरोप

वकील राजीव चव्हाण के मुताबिक लखन भैया और उसके साथी अनिल भेड़ा को पुलिस ने उसके वाशी स्थित घर से उठा लिया था। इसके बाद उसे 11 नवंबर 2006 को एक फेक एनकाउंटर में मार डाला। इसके अलावा पुलिस ने दावा किया था कि लखन भैया छोटा राजन गैंग का मेंबर था। पुलिस का दावा था कि लखन भैया के खिलाफ उस दौरान हत्या, फिरौती और हत्या के प्रयास के कई मुकदमे दर्ज थे। इस मामले में लखन भैया के भाई रामप्रसाद गुप्ता ने बॉम्बे हाई कोर्ट ने अर्जी दाखिल की थी। इस पर अदालत ने फेक एनकाउंटर के आरोपों की मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया था।

मजिस्ट्रेट की जांच के बाद एसआईटी का हुआ गठन

मामले की जांच के बाद मजिस्ट्रेट ने 11 अगस्त 2008 को रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट में सामने आया था कि लखन भैया की हत्या पूरी प्लानिंग के साथ हुई थी। यह कोई एनकाउंटर नहीं था। इसके बाद हाई कोर्ट ने एसआईटी का गठन किया और फेक एनकाउंटर के मामले की फिर से जांच हुई। इस विस्तृत जांच के बाद एसआईटी ने जो चार्जशीट दाखिल की, उसमें 22 लोगों को आरोपी बनाया गया। इन लोगों में एक शख्स जनार्दन भंगी भी शामिल था। कहा गया था कि लखन भैया के साथ उसका जमीन का कुछ विवाद था। इसके चलते उसने प्रदीप शर्मा और प्रदीप सूर्यवंशी को उसकी हत्या के लिए कॉन्ट्रेक्ट दिया था।

कोर्ट ने फैसले में की ये टिप्पणी

उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि पुलिस अधिकारी जो कानून के रक्षक हैं। उसने फर्जी मुठभेड़ में रामनारायण गुप्ता का अपहरण और हत्या की और इसे वास्तविक मुठभेड़ का रंग देकर अपने पद का घोर दुरुपयोग किया है। पीठ ने आगे कहा कि पुलिस हिरासत में मौत पर सख्ती से अंकुश लगाया जाना चाहिए और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

बेंच ने कहा कि इसमें नरमी के लिए कोई जगह नहीं हो सकती, क्योंकि इसमें शामिल व्यक्ति यानी पुलिस से हैं। जिनका कर्तव्य नागरिकों की रक्षा करना है न कि कानून को अपने हाथ में लेना और उनके खिलाफ गंभीर अपराध करना।

एचसी ने ट्रायल कोर्ट का आदेश किया खारिज

बेंच ने अपने फैसले में कहा, कानून के रक्षकों-संरक्षकों को वर्दी में अपराधियों के रूप में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है और अगर इसकी अनुमति दी गई तो इससे अराजकता फैल जाएगी।

अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने विश्वसनीय, ठोस और कानूनी रूप से स्वीकार्य सबूत के साथ फर्जी मुठभेड़ में गुप्ता के अपहरण, गलत कारावास और हत्या को साबित कर दिया है।

बेंच ने सबूतों के अभाव में प्रदीप शर्मा को बरी करने के ट्रायल कोर्ट के 2013 के फैसले को विकृत और अस्थिर मानते हुए रद्द कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने प्रदीप शर्मा के खिलाफ उपलब्ध सबूतों को नजरअंदाज कर दिया गया। मामले में जो सबूत हैं उससे प्रदीप की संलिप्तता स्पष्ट रूप से साबित होती नजर आई।

प्रदीप शर्मा के अलावा जो अन्य पुलिसकर्मी थे उनके नाम पुलिस इंस्पेक्टर प्रदीप सूर्यवंशी, (लखन भैया को दो गोलियां मारी) असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर नितिन सरतापे और दिलीप पांडे, पुलिस सब इंस्पेक्टर गणेश हरपुडे और आनंद पटाडे, पुलिसकर्मी रत्नाकर कांबले, तानाजी देसाई (इसने एक गोली मारी थी), प्रकाश कदम, पांडुरंग कोकम, संदीप सरदार, देवीदास सकपाल, विनायक शिंदे। कोर्ट ने 6 प्राइवेट व्यक्ति को बरी किया है। उनके नाम शैलेंद्र पांडे (पांडे पर अपहरण का आरोप था), अखिल खान, मनोज राज, सुनील सोलंकी, मोहमद शेख, और सुरेश शेट्टी शामिल हैं।

मनसुख हिरन हत्या मामले में भी दोषी है प्रदीप शर्मा

प्रदीप शर्मा साल 2021 में मुकेश अंबानी के आवास के बाहर जिलेटिन की छड़ों की बरामदगी से संबंधित व्यवसायी मनसुख हिरन की हत्या के मामले में भी आरोपी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें मामले में जमानत दे दी थी।

राहुल गांधी,अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव के खिलाफ दायर याचिका रद्द

झूठे बयान देने के खिलाफ कोर्ट में दाखिल की थी याचिका

नई दिल्ली,20 मार्च 2024 (ए)। बुधवार को राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव के खिलाफ केंद्र की ओर से दायर की गई याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। जिसमें देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के इरादे से गलत और झूठे बयान देने के खिलाफ कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में तीनों के खिलाफ मुकदमा चलाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने याचिका रद्द करते हुए कहा कि आप भारतीय वोटरों के दिमाग को कम नहीं आंक सकते हैं। क्योंकि वे जानते हैं कि क्या सही है और क्या गलत है। याचिका में सोशल मीडिया और न्यूज चैनल पर दिए जाने वाले बयानों का जिक्र किया गया है। राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव ने गलत बयान दिए हैं कि केंद्र सरकार के द्वारा कुछ उद्योगपतियों के 16 करोड़ के लोन कर्ज को माफ किया गया। इसी याचिका पर कोर्ट से मुकदमा चलाने की मांग की गई थी। जिसे रद्द कर दिया है। याचिकाकर्ता सुरजीत यादव ने कहा कि विपक्षी नेताओं के बयान भारत की नेगेटिव इमेज, केंद्र और देश की छवि को धूमिल कर रहे हैं। सुरजीत एक किसान और समाजसेवी कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि अभी देश में आदर्श आचार संहिता लागू है और ऐसे में इन नेताओं को इस तरह के बयान नहीं देने चाहिए।

बिहार में लोकसभा चुनाव से पहले पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में किया विलय

पटना,20 मार्च 2024 (ए)। पूर्व सांसद पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया। बिहार में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस का कुनबा बढ़ गया है। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पप्पू यादव ने कहा कि हम बिहार में लालू यादव और तेजस्वी यादव के साथ मिलकर 2024 का लोकसभा चुनाव और 2025 का विधानसभा चुनाव जीतेंगे। लालू यादव का पूरा स्नेह मेरे प्रति बेटे की तरह रहा है। न हम उनके दिल से निकले और न उन्होंने कभी निकाला। हम कल भी लालू यादव और तेजस्वी यादव से मिले। तेजस्वी यादव ने 17 महीने के अपने कार्यकाल में विश्वास पैदा किया है। . पप्पू यादव ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा ने हमेशा से उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का संघर्ष का इतिहास रहा है। राहुल गांधी की

तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि वो इस दुनिया के सबसे संघर्षशील व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा,जिन्हें मैं सबसे ज्यादा लाइक करता हूँ वो प्रियंका गांधी हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूँ। इस हिन्दुस्तान का अगर किसी ने दिल जीता है तो वो राहुल गांधी हैं। मैं हमेशा से इस लड़ाई का भागिदार बनना चाहता था।

इसके साथ ही उन्होंने कहा, ÷राहुल गांधी के अलावा और कोई रास्ता नहीं है. इसिलए हम अपनी पूरी पार्टी और अपने बेटे सार्थक रंजन के साथ कांग्रेस के साथ हैं। कांग्रेस अगर बैठ भी जाए तो भी कांग्रेस सर्वश्रेष्ठ है। हम 2024 तो जीतेंगे ही 2025 भी जीतेंगे। कांग्रेस को बिहार में सशक्त पार्टी बनाने की पूरी कोशिश करूंगा.। पप्पू यादव ने कहा, ÷मैं अपनी पूरी पार्टी की लिस्ट पवन खेड़ा को सौंप रहा हूं और इसका कांग्रेस के साथ मर्जर करता हूं।

जातिगत रैली पर प्रतिबंध लगाने की याचिका पर राजनीतिक दलों को नोटिस

लखनऊ,20 मार्च 2024 (ए)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने जाति आधारित रैलियों पर हमेशा के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली एक पुरानी जनहित याचिका पर उत्तर प्रदेश के चार प्रमुख राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, समाज वादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।पीठ ने मामले में सुनवाई 10 अप्रैल के लिए निर्धारित कर दी। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की पीठ ने अधिवक्ते ता मोतीलाल यादव द्वारा दाखिल एक जनहित याचिका पर यह आदेश पारित किया।

दो मासूमों की निर्मम हत्या पुलिस ने आरोपी को एनकाउंटर में मार गिराया

लखनऊ,20 मार्च 2024 (ए)। उत्तर प्रदेश के बदायूं में दो मासूम बच्चों की हत्या के बाद पुलिस ने वारदात के तीन घंटे के अंदर ही आरोपी साजिद को एनकाउंटर में मार गिराया था।. डीएम मनोज कुमार ने एनकाउंटर की मजिस्ट्रेट जांच के लिए आदेश दिए हैं। साथ ही डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट से जांच कर 15 दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है। डबल मर्डर में नामजद साजिद के भाई जावेद का अब तक कोई पता नहीं चला है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस की चार टीमें लगी हुई हैं.। जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ में साजिद को तीन गोलियां लगी थी। दो गोली उसके सीने में लगी हैं और एक गोली उसके पेट में साइड में लगी है।

बार-बार सप्लीमेंट्री चार्जशीट करने पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली ,20 मार्च 2024(ए)। देश की शीर्ष अदालत ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा बार-बार सप्लीमेंट्री चार्जशीट करने को गलत बताते हुए कहा कि जांच एजेंसी इसलिए ऐसा कर रही है, ताकि मामले में ट्रायल शुरू न हो पाए और आरोपी को जमानत न मिल सके। कोर्ट ने ईडी से कहा कि इस तरह की प्रैक्टिस गलत है। ऐसा करके किसी आरोपी को अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं रख सकते। सुप्रीम कोर्ट ने श्वष्ठ की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा, डिफॉल्ट जमानत का पूरा उद्देश्य ही यह है कि आप (आरोपी को) तब तक गिरफ्तार न करो जब तक जांच पूरी न हो। आप (एक आरोपी को गिरफ्तार कर) यह नहीं कह सकते कि जांच पूरी होने तक मुकदमा शुरू नहीं होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि आप पूरक चार्जशीट दाखिल करते रहें और व्यक्ति (आरोपी) बिना मुकदमे के जेल में रहे। कोर्ट ने साथ ही कहा कि इस मामले में शख्स 18 महीने से जेल में है। इससे हमें परेशानी हो रही है। किसी मामले में हम इस मुद्दे को उठाएंगे। जब आप किसी आरोपी को गिरफ्तार करते हैं तो मुकदमा शुरू करना जरूरी होता है। अदालत ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की कैद का जिक्र किया, जिन्हें फरवरी 2023 में शराब नीति मामले में श्वष्ठ ने गिरफ्तार किया था।

विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु सद्गुरू जग्गी अस्पताल में भर्ती



नई दिल्ली,20 मार्च 2024 (ए)। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु सदुरु जग्गी वासुदेव की तबीयत बिगडने़ का समाचार है। उन्हें दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया जहां उनके ब्रेन की इमरजेंसी सर्जरी की गई।

दरअसल 17 मार्च को उनके मस्तिष्क में सूजन और ब्लीडिंग का पता चलने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सदगुरु कई दिनों से सिर में गंभीर दर्द से पीड़ित थे। सदुरु का इलाज डॉ. विनित सूरी, डॉ. प्रणव कुमार, डॉ. सुधीर त्यागी और डॉ. एस चटर्जी सहित डॉक्टरों की एक टीम द्वारा किया गया और मस्तिष्क में रक्तस्राव को हटाने के लिए 17 मार्च को एक आपातकालीन ब्रेन सर्जरी की गई।.सर्जरी के बाद सदुरु को वेंटिलेटर से हटा दिया गया है।

भारतीय सेना को मिली शक्तिशाली स्वदेशी इंटीग्रेटेड एंटी ड्रोन सिस्टम

नई दिल्ली,20 मार्च 2024 (ए)। भारतीय सेना को स्वदेशी इंटीग्रेटेड एंटी ड्रोन सिस्टम मिले हैं। आर्मी एयर डिफेंस ने इन लेसर वेपन सिस्टम को ऑपरेशनल एरिया में तैनात कर दिया है। अभी आर्मी एयर डिफेंस को ऐसे सात सिस्टम मिले हैं। इन्हें नॉर्दन बॉर्डर के अलावा वेस्टर्न बॉर्डर में भी तैनात किया गया है। ये पहले ऐसे स्वदेशी सिस्टम हैं जिसके जरिए ड्रोन या ड्रोन की तरह के किसी ऑब्जेक्ट को डिटेक्ट (पहचाना) किया जा सकता है और उसे सॉफ्ट किल यानी जैम किया जा सकता है या फिर हार्ड किल यानी मार गिराया जा सकता है। सेना के पास वैसे पहले से ही एंटी ड्रोन सिस्टम हैं लेकिन ये स्वदेशी इंटीग्रेटेड एंटी ड्रोन सिस्टम है। लेसर वेपन सिस्टम के लिए सेना ने अगस्त 2021 में कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। अब यह सेना को मिल गए हैं और बॉर्डर पर तैनात हैं।लेसर वेपन सिस्टम में अलग अलग तरह के रडार हैं, पेसिव रेडियो फ्रिक्वेंसी डिटेक्टर है, सॉफ्ट किल के लिए जैमर है और हार्ड किल के लिए लेजर है। इसे भारत में ही डिवेलप किया गया और बनाया गया।

भ्रामक जानकारियों का होगा पर्दाफाश

केंद्र ने फैक्ट चेक यूनिट को किया अधिसूचित

नई दिल्ली,20 मार्च 2024 (ए)। केंद्र ने बुधवार को प्रेस सूचना ब्यूरो के तहत फैक्ट चेक यूनिट को सरकार की फैक्ट चेक यूनिट के रूप में अधिसूचित किया है। बता दें कि पीआईबी ने भारत सरकार, विभिन्न मंत्रालयों, विभागों इत्यादि से संबंधित भ्रामक खबरों के मुद्दे से निपटने के लिए एक फैक्ट चेक यूनिट का गठन किया।

बकौल पीआईबी, यह इकाई सरकारी नीतियों, विनियमों, घोषणाओं और उपायों के बारे में दावों का सत्यापन करती है। फैक्ट चेक यूनिट भ्रामक खबरों, अफवाहों और झूठे दावों को उजागर करने में मदद करती है।

संपादकीय

विपक्षी दांव की दिक्कतें

अगर आज सत्ता का स्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है?कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समाप्ति को इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों के नेताओं की जुटान का मौका बनाया। मुंबई की इस रैली में जुटे विपक्षी नेताओं ने संदेश दिया कि मौजूदा (चुनावी) संघर्ष में वे एकजुट हैं। लड़ाई किससे है, इसे राहुल गांधी ने देश को बताया। कहा कि मुकाबला किसी एक पार्टी या नरेंद्र मोदी नाम के व्यक्ति से नहीं है। लड़ाई एक विशिष्ट शक्ति' से है, वो शक्ति जो ईवीएम और संस्थाओं में निहित है।उन्होंने कहा- यह शक्ति आपका धन लूट रही है। नरेंद्र मोदी का काम तो सिर्फ इससे ध्यान हटाना है।' मगर यह वक्तव्य सिरे से समस्याग्रस्त है। अगर आज सत्ता का स्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है? और अगर आज सचमुच निर्णायक भूमिका ईवीएम की हो गई है, तो यह प्रश्न भी उठेगा कि इन मशीनों को चुनाव से हटवाने के लिए कांग्रेस या समूचे विपक्ष ने अब तक कुछेक बयानों को छोड़कर कौन-सा अभियान चलाया है?इन सवालों को उठाने का मतलब ईवीएम को क्लीन चिट देना नहीं है। इन मशीनों के लेकर संदेह सचमुच गहराता गया है। चूंकि निर्वाचन आयोग ने इन संदेहों का निवारण करने और विश्वास का वातावरण बनाने की तनिक जरूरत भी महसूस नहीं की है, इसलिए इससे जुड़े सवाल बने हुए हैं। लेकिन अब जबकि चुनाव कार्यक्रम का एलान हो चुका है, विपक्ष का इसे प्रमुख मुद्दा बनाने का कोई तर्क नजर नहीं आता।बेहतर होता कि इंडिया गठबंधन के नेता इस पर आत्म-निरीक्षण करते कि उन्होंने इस चुनाव के लिए अपनी तरफ से कौन-सा ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम पेश किया है, जिसको लेकर आम जन में उत्साह जग सके? इन नेताओं ने साझा नीति और कार्यक्रम की कोई जरूरत ही नहीं समझी है। नतीजतन, उनका प्रयास महज सीटों का तालमेल बन कर रह गया है। इसी का परिणाम है कि अब ऐन वक्त पर उन्हें मोदी हटाओ के नकारात्मक एजेंडे पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ रहा है।

विपक्ष के नकारात्मक प्रचार पर क्या मोदी के सकारात्मक प्रचार को मिलेगी जीत ?

इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए।

इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं- आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं।

इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गड़ाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं।

मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा।

विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक चुनावों का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि सभी विपक्षी दलों ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच उन्हें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो? आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों के पास नहीं है। महाभारत युद्ध में भी तो ऐसा ही परिदृश्य था। कौरवों की तरफ से सेनापति की बागडोर आचार्य द्रोण ने संभाल ली थी। एक दिन दुर्योधन आचार्य पर बड़े क्रोधित होकर बोले-''गुरुवर कहां गया आपका शौर्य और तेज? अर्जुन तो हमें लगता है समूल नष्ट कर देगा। आप के तीरों में जंग क्यों लग गई। बात क्या है?'' आज लगभग हर राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व के सम्मुख यही प्रश्न खड़ा है और इस प्रश्न का उत्तर भी और कहीं नहीं, उन्हीं के पास है। राजनीति की दूषित हवाओं ने हर राजनीतिक दल और उसकी चेतना को दूषित कर दिया है। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसकी वजह से लोगों में विपक्षी दलों के प्रति विश्वास इस कदर उठ गया है कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सच्चाई की साक्षी ढूंढ़ती हैं। यही कारण है कि दुर्योधन की बात पर आचार्य द्रोण को कहना पड़ा, ''दुर्योधन मेरी बात ध्यान से सुनो। हमारा जीवन इधर ऐश्वर्य में गुजरा है। मैंने गुरुकुल के चलते स्वयं 'गुरु' की मर्यादा का हनन किया है। हम सब राग रंग में व्यस्त रहे हैं। सुविधाभोगी हो गए हैं, पर अर्जुन के साथ वह बात नहीं। उसे लाक्षागृह में जलना पड़ा है, उसकी आंखों के सामने द्रौपदी को नग्न करने का दुःसाहस किया गया है, उसे दर-दर भटकना पड़ा है, उसके बेटे को सारे महारथियों ने घेर कर मार डाला है, विराट नगर में उसे नपुंसकों की तरह दिन गुजारने को मजबूर होना पड़ा। अतः उसके वाणों में तेज होगा कि तुम्हारे वाणों में, यह निर्णय तुम स्वयं कर लो। लगभग यही स्थिति आज के राजनीतिक दलों के सम्मुख खड़ी है। किसी भी राजनीतिक दल के पास आदर्श चेहरा नहीं है, कोई पवित्र एजेंडा नहीं है, किसी के पास बांटने को रोशनी के टुकड़े नहीं हैं, जो नया आलोक दे सकें। जो मोदी रूपी अर्जुन के देश-विकास के बाणों का मुकाबला कर सके।

यह वक्त विपक्षी दलों और उनके उम्मीदवारों को कोसने की बजाय मतदाताओं के जागने का है। आज मतदाता विवेक से कम, सहज वृति से ज्यादा परिचालित हो रहा है। इसका अभिप्रायः यह है कि मतदाता को लोकतंत्र का प्रशिक्षण बिल्कुल नहीं हुआ। सबसे बड़ी जरूरत है कि मतदाता जागे, उसे लोकतंत्र का प्रशिक्षण मिले। हमें किसी पार्टी विशेष का विकल्प नहीं खोजना है। किसी व्यक्ति विशेष का भी विकल्प नहीं खोजना है। विकल्प तो खोजना है भ्रष्टाचार का, अकुशलता का, प्रदूषण का, भीड़तंत्र का, गरीबी के सन्नाटे का, महंगाई का, राजनीतिक अपराधों का। यह सब लम्बे समय तक त्याग, परिश्रम और संघर्ष से ही सम्भव है। धृतराष्ट्र रूपी दलों की आंखों में झांक कर देखने का प्रयास करेंगे तो वहां शून्य के सिवा कुछ भी नजर नहीं आयेगा। इसलिए हे मतदाता प्रभु! जागो! ऐसी रोशनी का अवतरण करो, जो दुर्योधनों के दुष्टों को नंगा करें और अर्जुन के नेक इरादों से जन-जन को प्रेरित करें।

-ललित गर्ग-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

होली आई

धूम मचाती होली आई।
रंग जमाती होली आई।।
फागुन मास का उपहार है।
वसंत के गले का हार है।।
ढोलक नगाड़ा फाग है।
प्रेम-स्नेह और अनुराग है।।
हाथों में पिचकारी है।
रंग-रोगन की तैयारी है।।
अरे मुट्ठी भर गुलाल है।
हरा पीला अरु लाल है।।
हम बच्चों की टोली है।
होली है भाई होली है।।

टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

गलती किसकी देश को चलाने वालों की,न्यूज एंकर या निजी निर्णय धारी की

व्यंग्य

आज ट्विटर,इंस्टाग्राम जैसी सोशल मीडिया पर टहलने में बिल्कुल मन नहीं लग रहा था सोचा चलो आज तो फेसबुक पर ही अपने कदम घुमा आऊं । चली गई फेसबुक बाबा जी के द्वार पर दस्तक दी । बाबा जी ने मुझे दर्शन दिये और बस उनके घर में अलग-अलग दरों पर दस्तक दे रही थी । अरे बाबा नहीं समझे , मतलब की अलग-अलग घरों में घूम रही थी घर बोले तो ग्रूप जो की साहित्यिक दुनिया से परे मनोरंजन से भरे थे कोई गीत भेजता,तो कोई मजाकिया व्यंग्य या अन्य तरह की अपनी-अपनी पसंद का जिसको जो भेजना होता बस भेज देता थोड़ा बहुत मनोरंजक माहौल बन जाता मन को भी अच्छा लगता । तभी मेरी नज़र एक विडियो पर पड़ी जिसके अंतर्गत एक यूट्यूबर न्यूज़ एंकर गली-गली घूम कर एंकरिंग करते हुए लोगों से सवाल कर रही थी बस वो विडियो पूरा क्या देखा हंसी ही नहीं रुकी मेरी । पहले हंस ली फिर सोचा चलो उसी के पूछे सवाल को जो लोगों से पूछे रही थी उसी को जरा विस्तार से लिख आज अपनी कलम की पेनी धार से सजाती हूँ । वैसे तो ये भाव , सवाल किसी ओर के हैं परंतु मनोरंजक था इसलिए चलो मैंने सोचा मैं अकेले ही क्यों हंसूं सभी साथ मैं मिल कर थोड़ा हंस ले,वो महिला यूट्यूबर न्यूज एंकर दर असल उत्तर प्रदेश के किसी शहर के गलियों में इस चुनावी दौर के गरमा-गरमी भरे माहौल में आम जनता के बीच पहुंच गयी अपने सवाल लिये हुए । सवाल भी आज तक के माहौल में विजयी पार्टियों द्वारा नायाब इतनी अधिक सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण करने के बावजूद उसी पर की जा रही मतलब मंहगाई को उसने विषय बना , महंगाई के विरोध में लोगों के द्वारा की जा रही समय-समय पर शिकायतों , टिप्पणियों पर लोगों का जैसे साक्षात्कार ही ले लिया अब जानिए की सवाल क्या था दरअसल सवाल ये था की इस समय चल रहे चुनावी दौर में आप किस राजनैतिक पार्टी को वोट देंगे , आप कौन सी सरकार को जीताना चाहते हैं ? आप किसको वोट देंगे वगैरह-वगैरह । फिर क्या जिससे सवाल किया गया उसके अंदर का दबा हुआ जैसे कोई ज्वालामुखी जाग गया जैसे वो खुद चाहता हो की कोई उससे भी पूछे की वो क्या चाहता और शुरू हो गया अपने ज्वालामुखी से उठते गुबार को दुनिया के समक्ष रख आज की विजयी सरकार के द्वारा किये गये कामों के प्रति अनगिनत कमियों से रूबरू करवा कर कहा की महंगाई को बहुत अधिक बड़ा दिया गया है हम सभी को लालन-पालन मतलब परिवार के भरण-पोषण के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही कितनी । क्या खाएं,क्या नहीं खाएं और क्या खिलाएं महंगाई के दौर में परिवार को सोचते रहते बस । चिंताओं ने तो जैसे हमें चारों ओर से घेर लिया है उसकी हर एक बातों को सुनने के बाद न्यूज एंकर ने दूसरा सवाल किया की ये बताओ आपके कितने बच्चे हैं ? साक्षात्कार दे रहे व्यक्ति ने फट से जवाब दिया तीन । फिर क्या था न्यूज़ एंकर का भी खून जैसे खोला हुआ था यही सोचकर की बस बुराईयां , कमियां ही दिख रही इसको इतनी सुख सुविधाओं से परिपूर्ण होने के बावजूद भी । फिर तो न्यूज एंकर ने भी ना आव देखा ना ताव फट् से हाजिर जवाब देते हुए बोली की भाई अब ये बताओ जब इतनी ही महंगाई है इतने ही दुःखद क्षण हैं आपके तो तीन बच्चे किये ही क्यों । सरकार द्वारा जब बार-बार समझाया जा रहा बच्चे दो ही अच्छे तो इस पर अमल करना भी तो हमारी ही जिम्मेदारी है ना । उस इंसान ने भी न्यूज़ एंकर की बात को तुरंत काट कर बीच में ही जवाब दिया और कहा की ये तो मालिक की ही देन है उस मालिक की मर्जी से ही आए बच्चे ।

अरे अब भला मुझे ये बताओ कि बच्चे उस मालिक की मर्जी से कैसे आ सकते हैं । मानती हूं भगवान की ही देन है सब पर कुछ हमारे हाथ में भी है आज जब लोग मंहगाई का रोना रोकर राजनैतिक पार्टियों को कोस रहे दिने -रात तो , यही राजनैतिक दल बार-बार सोशल मीडिया के जरिए संदेशे भी तो दिलवाते फिर रहे की बच्चे दो ही अच्छे या बीच-बीच में तो कुछ नियम भी लागू किये गये थे जो मैंने पढ़े थे जिनके दो बच्चे उन्हें ही नौकरी मिलेगी शायद ये नियम चाइना देश के थे या हमारे देश के नहीं पता । आज के समय के अनुसार चलने के नियम तो अब चाहे कोई अमीर हो या कोई गरीब सभी के ऊपर भी लागू होता की वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार ही कदम उठाएं कोई फैसला लेने या बोलने से पूर्व खुद की गलतियों को समझें । या पहले अपनी पारिवारिक स्थिति को मद्देनजर रखते हुए कोई निर्णय लें । जागरुकता की जरूरत है आज भी जो कि किया भी जा रहा है मतलब की जागरुक फिर भी इतना अधिक प्रचार प्रसार होने के बावजूद क्यों लोग जागरूक नहीं हो रहे ये सोचने वाली बात है । वैसे ये तो हर किसी का निजी निर्णय होता है परंतु जब निजी निर्णय आपने स्वयं लिया तो उसी निजी निर्णय के लिये राजनैतिक पार्टियों को भला क्यों कोसना । क्या निजी निर्णय लेने से पूर्व कोई योगी जी या मोदी जी के पास गये थे जो उन्हें यूं खुले आम गलत ठहरा महंगाई को बढ़ाने का हवाला दे कसूरवार ठहरा बस कटघरे में जैसे लाकर ही खड़ा कर दिया हो । राजनैतिक पार्टियों पर खुद की गलती या निर्णय उनके ऊपर थोपकर रख दिये । आप ये भी देखो की कितना कुछ विकास हुआ है इन दस सालों में वो तो आपको दिखेगा ही नहीं क्यों , क्यों की आप सिर्फ अपने परिवार को अपना मानते और वहीं तक अपनी दृष्टि को सीमित दायरे में बांध दिया यदि दूसरों की तरह पूरे देश को एक परिवार की दृष्टि से देखते तो आज ये सब नहीं बोलता कोई भी । मैंने पहले भी एक आलेख के जरिए ये कहा था सभी से चलो देश के भीतर के विकास को नहीं देखना चाहते तो मत देखो । परंतु सिर्फ अपने घर के अंदर एक नजर घुमाओ आपको सुविधाओं के सामानों में बढ़ोत्तरी मिलेगी जैसे फोन,टीवी,फ्रिज,वगैरह-वगैरह...तो पहले से अधिक आपकी खुद की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है तभी आप सुविधाओं का भरपूर आनंद उठा पा रहे हैं ।

न्यूज़ एंकर भी भला क्या करती , क्या जवाब देती जनता जनार्दन को इन्हें भी हक है लिखने बोलने अपनी बात को रखने का । उस आम जनता ने अपनी परेशानियां रख दी समाज के सामने परंतु बस वो आम इंसान राजनैतिक दलों पर तंज कसते परंतु अपने निजी निर्णय को परमपिता परमेश्वर का निर्णय बताते । अब अगर इंसानों कि संख्या मतलब की जनसंख्या विस्फोट इसी तरह होता रहेगा तो जरूरत भी तो बढ़ेगी ही ना । चलो सरल भाषा में समझाती पहले आप पत्नी-पति और दो बच्चे थे तो दस से पंद्रह हजार का खर्चा था , अब तीसरा सदस्य भी आ गया आपके कहे अनुसार की भगवान की देन है । तो बताओ भगवान ने देन दी है तो उसे प्रशाद स्वरूप ग्रहण करो ओर मिली जिम्मेदारी का निर्वहन अपने आप करो क्यों कि देश भगवान की परंतु निर्णय आपका था । लालन-पालन तो आपको ही करना है अब नये सदस्य के आने से आपका खर्चा बढ़कर बीस हजार होना ही है ये तो स्वाभाविक सी बात है सही मायने में महंगाई नहीं सदस्य बढ़ गया परिवार का ।

ठीक उसी तरह ये देश हर एक राजनैतिक दलों के लिए उनका अपना परिवार है और इस परिवार की जनसंख्या निरंतर बढ़ती रहेगी तो खर्चा देश का भी बढ़ेगा । ऐसे में सामानों की भी कीमतें बढ़ेगी आखिर देश को सुचारू रूप से चलाने के लिये आर्थिक मतलब पैसा तो चाहिए ना । भला बिन पैसा कौन सा देश चल सका या कौने सा परिवार जी पाया है । अब इसमें आप सभी पाठक सोचो समझो गलती किसकी , योगी जी की , मोदी जी की या सवाल करने वाले यूट्यूबर न्यूज़ एंकर की या जवाब देने वाली आम जनता के निजी निर्णय की । बोलो ... बोलो कौन गलत ।

वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर, महाराष्ट्र

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

मया पीरित के लगा ले ते रंग

जीवन म नवा उम्मीद जगा ले
अंधीयारी डहर दीया जला ले
जीवन घला हो जाही रे मलंग
मया पीरित के लगा ले ते रंग
पियर-पियर सरसो ह फूलगे
अमराइया म आमा हा मउरगे
बगीचा म भंवारा घूमत मतंग
मया पीरित के लगा ले ते रंग
ऋतू बसंत चारो मुड़ा बगरत
देवन घला दरस बर तरसत
धरती हरियागे हे बसंत संग
मया पीरित के लगा ले ते रंग
नवा पाती ,नवा आश देवत हे
जीये बर नवा बिश्वास देवत हे
रहन सुघघर तियाग के कुसंग
मया पीरित के लगा ले ते रंग
फागुन के सुघघर मधुमास म
संगी के अगोरा अउ आश म
ज़िनगी ल मया पीरित म रंग
मया पीरित के लगा ले ते रंग
राधा किशन के मयारु धरती
मया पीरित के होवत झरती
आवन परेम करन प्रमेश संग
मया पीरित के लगा ले ते रंग

प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

नैतिकता का ठेका

चतुर लाल जी पेशे से टीचर हैं। बीए, एमए, बी एड सब कर रखा है। फस्ट क्लास में। एमए गोल्ड मेडलिस्ट। हैं बड़े चतुर। हर चीज में फायदा ढूंढते रहते हैं। लेकिन घर में उनकी चतुराई की कोई कद्र नहीं, क्योंकि उनकी टीचरी से घर का राशन पानी भी बड़ी मुश्किल से चल पाता है। मैडम ने तो पहले ही धमका रखा है कि जिस दिन दिमाग गरम हुआ, मुंआ डिग्री को रद्दी वाले को बेच दूंगी। जो डिग्री नोट न ला सके भला उसका क्या काम? सरकारी नौकरी में अफसर बनने का सपना था। आईएएस बनने की कोशिश की। एक बार प्रीलीम्स निकला भी। लेकिन आगे सब फुस्स्स्स। उसके बाद कई सरकारी नौकरी के लिए ट्राई किया लेकिन सब बेकार। सरकारी नौकरी मतलब गला काट कॉम्पिटीशन और एक अनार सौ बीमार वाली हालत। उमर रहते सरकारी जॉब नहीं मिली। ऊपर से परिवार था लोअर मिडिल क्लास। अंत में थक हारकर घर के बगल वाली गली के एक प्राइवेट स्कूल में नौकरी करने लगे। किसी जमाने में सम्मान का पेशा अब बन गया है मजबूरी का पेशा। विज्ञान और गणित छोड़कर सभी विषय को पढ़ाने का काम मिला। मां-बाप ने बुढ़ौती आते देख पहचान वाले के घर रिश्ता करवा दिया। फिर क्या था? दिन में तारे दिखने लग गए। मैडम की डिमांड ने बाजा बजा रखा था। स्कूल में नौवीं, दसवीं के छात्रों को पढ़ाते हैं। वैसे ज्योग्रफी उनका फेवरेट सब्जेक्ट है। तीस हजार सैलरी मिलती है। प्राइवेट स्कूल वैसे भी शिक्षा और योग्यता से ज्यादा मुनाफे पर फोकस करती है। इतनी-सी सैलरी और यह मंहगाई। इससे क्या होता है भला? उधर पहली सालगिरह में ही पापा भी बन गए। डर था कहीं बुढ़ौती के कारण बाद में पछताना न पड़े। खैर जो हुआ सो हुआ।

मृत्युंजय कुमार मनोज
ग्रेटर नोएडा (पश्चिम), उत्तरप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

बाल कहानी:होली की सतरंगी छटा

श्वेता को पिछले साल की होली याद थी। कभी नहीं भूल सकती उस होली-हुड़दंग को। होली के जस्ट दूसरे दिन बीमार जो पड़ गयी थी। मम्मी-पापा बहुत परेशान हुए थे। हॉस्पिटलाइज़्ड् होना पड़ा था उसे एक हफ्ते के लिए; स्कूल अब्सेंट सो अलग। सो इस बार उसने ठान लिया था कि वह अपनी सहेलियों के साथ रंग-गुलाल खेलने बाहर नहीं जाएगी। तभी हिमांशी, नीलिमा व गीतांजलि को अपने घर की ओर आते देख फट से दरवाजा बंद कर लिया। एक कमरे में चुपचाप बैठ गयी। श्वेता के घर पहुँचते ही नीलिमा ने उसकी मम्मी से पूछा-आंटी जी, श्वेता कहाँ है ? मम्मी मुस्कुराती हुई बोली- अभी ही तो वह बाहर खड़ी थी। तुम सबको आते हुए देखकर अंदर चली गयी। उसे लगाओ न आवाज।

श्वेता ! अरी श्वेता बाहर आओ न। होली खेलेंगे बहन। काहे को दरवाजा बंद की हो ? हिमांशी ने दरवाजे को हिलाते हुए आवाज लगाई।

नहीं.... नहीं....। न बाबा...न...। मुझे नहीं खेलनी है होली। श्वेता की आवाज आई। फिर हिमांशी ने दरवाजे के छेद से अंदर झाँका। बोली हमें देख कमरे में तू ऐसे घुसी है जैसे चूहा बिल्ली को देख कर बिल में घुस जाता है। चलो, बाहर आओ। डरपोक कहीं की। सभी जोर जोर से हँसने लगे।

श्वेता की मम्मी बोली- अरे बिटिया !बाहर तो आओ पहले। सबसे गले मिलो। अच्छा लगेगा। देखो तो, ये सभी इतनी दूर से तुझसे मिलने आई हैं। ये लड़की भी न बड़ी अजीब है।

श्वेता अपनी मम्मी की बातें सुन कर भी चुप थी। दरवाजे को खोलने का नाम नहीं ले रही थी। होली का नाम लेते ही श्वेता अंदर से काँप जाती थी। उसे होली से नफरत सी हो गयी थी। बोली- एक शर्त में दरवाजा खुलेगा।

ठीक है। बताओ तुम्हारी शर्त। सभी एक-दूसरे की ओर देखने लगीं।

यही कि तुम लोग मुझे रंग नहीं लगाओगी। श्वेता फट से बोली।

गीतांजलि बोली- ठीक है बाबा ! हम लोग तो तुम्हारे लिए फूलों की पंखुड़ियाँ लेकर आये हैं। इनसे ही होली खेलेंगे तुम्हारे साथ। अब तो खोलो। सबकी मस्ती भरी बातें होने लगी।

जैसे ही श्वेता ने दरवाजा खोला, सभी सहेलियाँ उस पर टूट पड़ीं। लगा कि बरसों बाद मुलाकात हुई हो।

श्वेता अचरज भरी निगाहों से बोली अरे यार ! सच, तुम लोग भी न ! मैं तो एकदम से डर गई थी तुम्हारे इन मुखौटों, नकली बाल, लाल पीले हाथ को देखकर। कहीं ये फिर मेरे चेहरे पर रंग न लगा दें, जिससे गोलगोल इलायची के दाने न उभर आये चेहरे पर। याद है न, पिछले बार की होली.... मैं कैसे...? खैर छोड़ो।

कुछ देर शांत रहने के बाद हिमांशी बोली धत् पगली ! भला हम तुम्हारा कुछ नुकसान कर सकते हैं क्या ? हम दुश्मन थोड़ी ना है जो तुम्हें भांग खिला कर बदला लेंगे। तुम तो हमारी बेस्टी हो। रात गयी बात गयी। तभी खुशबूदार गेंदा, गुलाब, चमेली के फूल सब पर फेंकते हुए गीतांजलि कहने लगी- लेकिन असली मजा तो रंगों से आता है न। सो चलो फ्रेंड्स, थोड़ी मस्ती बाहर भी कर लेते हैं।

श्वेता बड़ी ही मुश्किल से बाहर निकली। इस बार माहौल सबसे अलग था। होली के रंगों में प्यार के रंग दिखाई देने लगे थे। हर्बल होली का रंग था न , भला कैसे किसी को नुकसान होता।

श्वेता यह सब देख एकदम भौचक रह गयी। तभी उसकी नजर पास में खड़े कुछ पुलिस वालों पर पड़ी। दिमाग में कुछ बातें आयी। उसने अपने मम्मी-पापा को भी देख लिया। मम्मी-पापा श्वेता के मन की बात समझ गये। श्वेता के पास आ कर बोले देखो बिटिया रानी ! होली खेलना कोई गलत नहीं है, जैसा कि तुम समझती हो। यह हमारे पूर्वजों की आनबान और सम्मान है। इसे जीवित रखना हमारा परम कर्तव्य है। पर हाँ, कुछ लोग नशे में धुत्त होकर हुडदंग करते हैं, ये नहीं होना चाहिए। देखो, ये पुलिस वाले अपने परिवार को छोड़ कर हमारी सुरक्षा के लिए आये हैं, ताकि हम त्यौहार को पूरे एंजॉय कर सकें। फिर श्वेता के साथ सभी सहेलियों ने थोड़ा-थोड़ा रंग लेकर पुलिस वालों को लगाया; और उन्हें सैल्यूट किया। सबका एक ही कहना था- यह हमारी परंपरा है, जिसे हम कभी नहीं भूल सकते। इससे हममें स्नेह, भ्रातृत्व व एकता की भावनाएँ पनपती हैं। हाँ, हम खेलने का तरीका बदल सकते हैं, न कि होली खेलना। सबने एक-दूसरे को होली की बधाइयाँ दी। इस बार सबके मन में सतरंगी छटा छा गयी। सभी खुशी से झूम उठे- होली है भाई होली है... सरा.. ररा.. होली है।

प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

युवक का होमगार्ड ने किया अपहरण, फिरौती में मांग रहा था 20 हजार रुपए, गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कतकालो निवासी मानसी महंत पिता शिवचरण ने गांधीनगर थाने में 19 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके छोटे भाई मनमोहन महंत का श्याम नामक व्यक्ति द्वारा ग्राम सुखरी से अपहरण किया गया है। उसे अज्ञात घर में बंद कर रखा गया है तथा उसे छोडने के एवज में 20 हजार रुपए की डिमांड की जा रही है। उसने बताया कि 18 मार्च की शाम वह छोटे भाई के साथ कुछ सामान लेने अंबिकापुर जाने ही वाली थी कि गांव का ही मुरली महंत घर आया और भाई से बातचीत की। इसके बाद दोनों स्कूटी में सवार होकर चले गए। देर रात तक उसका भाई घर नहीं लौटा और न ही मुरली ने उसकी कोई खबर दी। उसने बताया कि रात 3 बजे उसके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आया। इसमें उसके भाई मनमोहन के रोने की आवाज आ रही थी। मनमोहन ने ही फोन पर बताया कि वह मुरली के साथ ग्राम सुखरी आया था। यहां

से मुरली कहीं चला गया तो श्याम नाम का लडक़ा उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर किसी के घर में लाकर बंद कर रखा है। फोन पर भाई ने बताया कि श्याम उसे खाना-पानी भी नहीं दे रहा है। उसके द्वारा 20 हजार रुपए की डिमांड की जा रही है। वहीं जल्द ही रुपए की व्यवस्था नहीं करने पर हाथ-पैर तोडने की धमकी भी दी जा रही है। इसके बाद मनमोहन से किसी ने मोबाइल छीनकर स्वीच ऑफ कर दिया। इसके बाद से वह उक्त नंबर पर कॉल कर रही है लेकिन फोन नहीं लग रहा है। फिर सुबह उसने अपने भाई भोला दास को पूरी बात बताई। भोला दास ने बताया कि घटना दिवस की रात 9 बजे मुरली ने उससे पूछा था कि मनमोहन घर आया है या नहीं। मुरली ने बताया कि वह और मनमोहन ग्राम सुखरी गए थे। यहां सूरजपुर जिले में पदस्थ होमगार्ड श्याम मिला, जिसे मुझे 20 हजार रुपए देने थे। जब वह रुपए मांगने लगा तो वह मनमोहन को छोडक़र वहां से चला गया था। रिपोर्ट पर पुलिस धारा 364-ए, 365 का मामला कायम कर जांच शुरु की थी। इसी बीच 19 मार्च की शाम अपहृत मनमोहन घर लौट आया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी होमगार्ड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

धारदार हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

मनेन्द्रगढ़ रोड में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी कटार लेकर आम राहगीरों को डराने-धमकाने में लगा था। आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार 19 मार्च को गांधीनगर थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक अश्विनी दीवान को फोन पर सूचना मिली कि ललित तिग्गा नामक व्यक्ति मनेन्द्रगढ़ रोड स्थित रवि मार्बल दुकान की गली में हाथ में एक घातक हथियार लेकर लहराते फुड हब के पास आम लोगों डरा धमका रहा था। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी ललित तिग्गा पिता लल्लू तिग्गा निवासी गुतुरमा थाना सीतापुर हालमुकाम पीजी कॉलेज के सामने झुग्गी झोपड़ी को लोहे के कटार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल दाखिल कर दिया है।

13 वर्षीय बालक की ढोढ़ी के पानी में डूबने से हुई मौत

- मोंट फोर्ट पब्लिक स्कूल से परीक्षा देकर अपने पिता के पास तीन दिन पूर्व आया था उदयपुर
- दर्दनाक हादसे के बाद मोहल्ले में पसरा मातम

- संवाददाता -
उदयपुर,20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

ग्राम झिरमिटी में 13 वर्षीय बालक की ढोढ़ी के पानी में डूबने से हुई मौत के बाद ग्राम में सन्नाटा पसरा हुआ है।

पुलिस थाना उदयपुर में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ देवनारायण कंवर का 13 वर्षीय पुत्र शुभम सिंह सुबह 8 बजे करीब अपने दोस्तों के साथ खेलने के लिए झिरमिटी की और निकला था इसी दौरान रास्ते में पड़ने वाले खेत के बीच में बनें

ढोढी को देखकर शुभम सिंह सहित कुछ अन्य बच्चे नहाने लगे नहाने के दौरान बाकी बच्चे ढोढ़ी से निकल गए परंतु शुभम सिंह पानी से नहीं निकल पाया।

तब साथ में नहा रहे बच्चे दौड़कर पास के घर में आए और घटना की सूचना दिए आनन फानन में आसपास में मौजूद लोग शुभम को लेकर सीएचसी उदयपुर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मृतक के माता पिता और पड़ोस के लोगों को होने पर सभी सीएचसी पहुंचे , शव को जिसने भी देखा सब की आंखे नम हो गई घटना के बाद सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने परिजनों को सौप दिया है। मृतक शुभम मोंट फोर्ट पब्लिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा पांचवी की परीक्षा समाप्त कर छुट्टी के लिए अपने पिता के पास रहने तीन चार दिन पूर्व ही उदयपुर आया हुआ था।

शहर की कानून और यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने दिया निर्देश

- सवाददाता -
अंबिकापुर, 20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस प्रशासन के नवपदस्थ अधिकारियों ने छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज, सरगुजा इकाई के पदाधिकारियों व शहर के प्रमुख व्यवसायियों की संयुक्त बैठक कोतवाली थाना में आहूत की। बैठक की अध्यक्षता नवपदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने की। नवपदस्थ डीएसपी अमित पटेल ने व्यवसाइयों से कानून व्यवस्था को लेकर विचार साझा किए। बैठक का संचालन कोतवाली टीआई निरीक्षक मनीष सिंह परिहार ने किया। इसी क्रम में व्यापारियों से शहर की यातायात, कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने सुझाव लिए गए। शहर के विभिन्न मार्गों पर बेतरतीब तरीके से दुपहिया वाहन चलाने वाले युवाओं, विशेष तौर पर नाबालिग वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। व्यापारियों से आव्हान किया गया कि शहर में कहीं भी कोई

दुपहिया चालक गलत तरीके से वाहन चलाता है या स्टंट करता है तो उसका वीडियो या फोटो खींचकर पुलिस के आला अधिकारियों को भेजें, जिससे कानूनी कार्रवाई की जा सके। साथ ही समस्त व्यवसायियों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और उसका समय-समय पर उचित रख-रखाव करते रहने का आग्रह किया गया। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने इस दौरान व्यवसायिक संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन करवाने पर जोर दिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश मंत्री अमित अग्रवाल, अध्यक्ष अजीत अग्रवाल, उपाध्यक्ष गुलाब धनवानी, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी राजा, कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, राजू छाबड़ा व कैट मंत्री उपस्थित रहे।

समभाव महिला मंच ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया फाग उत्सव

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

समभाव महिला मंच द्वारा 19 मार्च को स्थानीय अग्रसेन भवन में रंगारंग फाग उत्सव मनाया गया।

नगर में समरसता,एकता और सौहार्द्र का परिचायक ये मंच हर धर्म की महिलाओं का एक साझा मंच है जिसकी संस्थापिका हैं नगर की वरिष्ठ समाज सेविका सुश्री वंदना दत्ता जिन्होंने इस मंच को वर्ष 2015 में बनाया और जिस उद्देश्य को लेकर ये समभाव मंच बनाया गया, उसमें अब 103 बहनें जुड़ कर अपनी विविध रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए समाज के लिए विविध रूप से सेवा कार्य भी कर रहीं हैं। ये मंच आपस में मिलजुल कर रहने की प्रेरणा तो देता ही है साथ ही सेवा भाव से भी समाज के लिए बहुत से कार्य निस्वार्थ किया करता है। ज्ञात हो कि इस सत्र का पहला कार्यक्रम समूह मंजरी द्वारा विगत नवंबर माह में आयोजित किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 19 मार्च को स्थानीय अग्रसेन भवन में समभाव महिला मंच के समूह रंगारंग

द्वारा आयोजित किया। फाग उत्सव÷ का एक रंगारंग कार्यक्रम।जिसमें महिलाओं ने फाग और होली का स्वागत करते हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसी आयोजन में समभाव की संस्थापिका और सरगुजा जिले की स्वीप जिला आईकॉन सीनियर सिटीजन वंदना दत्ता द्वारा आयोजित समभाव महिला मंच सदस्यों के कार्यक्रम में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक किया गया, उपस्थित सभी महिलाओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाई गई।

साथ ही होली की विशेषता एकता और भाईचारे के सिद्धांत को साकार किया गया और समूह रंगारंग की सभी सदस्यों की ओर से एक गरीब कन्या के विवाह के लिए उसे एक छोटी सी सहयोग राशि भी दी गई साथ ही सरस भोजन को भी समभाव समूह रंगारंग की बहनों की ओर से कुछ राशि भंडारे के लिए प्रदान की गई। समभाव महिला मंच के रंगारंग समूह के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नीलिमा गोयल, मुक्ता गुप्ता,अमरजीत कथूर, मधु चौदहा, अंजना परिहार, नमिता चावला,रंजू अग्रवाल, रेखा इंगोले,संतोष पांडेय,सतनाम छाबड़ा, शरीफुननिशा, सुनीता, अनिता मंदिलवार,दीपमाला सिंह, गायत्री सिन्हा,ज्योति द्विवेदी, मंजूषा भगत, डॉ शबनम ख़ानम, रानी छाबड़ा, सीमा सिंह परमार,सुनीता चोपड़ा, सुनीता लाल,विमला यादव मुख्य रूप से शामिल रहीं।

बेमौसम बारिश से किसानों को हुई फसल क्षति का आंकलन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

पिछले चार दिनों से मार्च के महीने में सावन जैसी बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश व ओलावृष्ठि से फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। बेमौसम बारिश ने किसानों के कमर तोड़ दिया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव का असर सरगुजा संभाग में देखा जा रहा है। चार दिनों से रूक-रूक कर बारिश हो रही है। इस दौरान तेज हवा भी चल रहा है। इससे मौसम काफी शुष्क हो गया है। अधिकतम 24.2 व न्यूनतम 14 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं बुधवार को 3.1 मिमी बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताया कि उत्तरी छत्तीसगढ़ में विक्षोभ की सक्रियता में कमी हो रही है। जबकि अफगानिस्तान के निकट एक नया विक्षोभ अग्रसर है। इसका प्रभाव 2-3 दिनों में सरगुजा संभाग में देखने को मिल सकता है। इस

दौरान ताामान में उतार चढ़ाव की संभावना बनी रहेगी। बेमौसम बारिश व ओलावृष्ठि ने किसानों को कमर तोड़ दिया है। बुधवार की शाम को राजपुर के पस्ता, वाड्रफनगर ब्लाक के घाट पेंडारी व मैनपाट के क्षेत्रों में जमकर ओलावृष्टि हुई है। ओलावृष्टि से खेत में लगे फसल, गेहूं, चना, अरहर, सरसो, सब्जियां पूरी तरह से बर्बाद हो गया है।

प्रशासनिक टीम ने फसलों का किया आंकलन

विगत चार दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश के कारण सरगुजा विभिन्न ग्रामों में किसानों की फसलों को क्षति हुई है। कलेक्टर विलास भोस्कर के निर्देश पर एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा अलग अलग टीम बनाकर बेमौसम बारिश के कारण हुए फसल क्षति का सर्वेक्षण कर आंकलन किया गया। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर बनसिंह नेताम ने बताया कि फसल क्षति के सर्वेक्षण के साथ पशु क्षति का भी सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में तहसील मैनपाट के ग्राम कुदारीडीह में कृषक कौशिल्या को 7 पशु गाज गिरने से मृत्यु पर पशु क्षति हुई जिसका मौके पर पंचनामा बना कर प्रकरण बनाया गया।

भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए लाया गया था इलेक्टोरल बांड : राकेश गुप्ता

- सवाददाता -
अंबिकापुर, 20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

इलेक्टोरल बांड घोटाला और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर इओडब्ल्यू द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, राजीव भवन में कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पत्रकारों से चर्चा की। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि इलेक्टोरल बांड से संबंधित जो जानकारी सामने आई है, उससे साफ हो गया है कि बांड भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए लाया गया था। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला है। मोदी सरकार ने व्यवसायिक संस्थानों के बीच केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से छापा मरवाकर, गलत कार्रवाई करवा इलेक्टोरल बांड के माध्यम से वसूली

करवाया है। जिन कंपनियों ने भाजपा को चुनावी चंदा दिया उन्हें हजारों, करोड़ रूपये के ठेके दे दिए गए, इनके खिलाफ मनीलांड्रिंग की कार्रवाई को मोदी सरकार ने रूकवा दिया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुचिता और पारदर्शिता की जवाबदेही पेश नहीं किया। इलेक्टोरल बांड से जुड़ी जानकारी सामने आने के बाद स्पष्ट हो गया है कि भाजपा अपने आर्थिक लाभ के लिए सारा षड्यंत्र की।

चंदा लेने के आड़ में अनैतिक लाभ पहुंचाना चिंतनीय

पूर्व पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा चंदा लेने के आड़ में अनैतिक लाभ पहुंचाना चिंतनीय है। चुनाव को देखकर महादेव ऐप के आड़ में कांग्रेस व भूपेश बघेल को बदनाम करने जैसा कुकृत्य किया गया है। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने खुलकर आरोप लगाया कि महादेव ऐप केंद्र सरकार के दम पर चल रहा है। जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि इलेक्टोरल बांड ईजाद क्यों किया गया यह बडी बात है। भाजपा ने भ्रष्टाचार का नया तरीका निकाला, विश्व में ऐसा नमूना देखने को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा छापा पडना और चंदा देना संयोग नहीं हो सकता है। महादेव ऐप और के परिपेक्ष्य में उन्होंने कहा कि आरोपी असीमदास के कथन पर भूपेश बघेल को आरोपी बनाया गया। महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि जांच एजेंसियों का उपयोग दबाव बनाने के लिए भाजपा कर रही है, इसमें संदेह नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर प्राथमिकी दर्ज होना इसका साक्षात प्रमाण है। भाजपा देश को खोखला करने में लगी है, फिर भी भारत में न्यायपालिका जिंदा है। इस दौरान मधु सिंह, हेमन्त सिन्हा, अनूप मेहता, अशफाक अली, आशीष वर्मा, दीपक मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

आयरलैंड के प्रधानमंत्री पद से लियो वराडकर का इस्तीफा,बोले-अब मैं दोबारा चुनाव नहीं लड़ूंगा

डबलिन, 20 मार्च 2024। आयरलैंड के भारतीय मूल के प्रधानमंत्री लियो वराडकर ने बुधवार को व्यक्तिगत और राजनीतिक कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफे की घोषणा की है। डबलिन में अपने भावनात्मक बयान के दौरान उन्होंने यह घोषणा की। लियो वराडकर ने कहा कि उनका मानना है कि अगले साल होने वाले आम चुनाव में उनकी पार्टी फाइन गेल के लिए सीटें हासिल करने के लिए एक नया नेता मुझसे बेहतर स्थिति में होगा।



कई व्यक्तिगत और राजनीतिक कारण है:वराडकर

लियो वराडकर ने कहा कि अभी पद छोड़ने के मेरे कारण व्यक्तिगत और राजनीतिक हैं, लेकिन मुख्य रूप से राजनीतिक हैं। सात साल के कार्यकाल के बाद मुझे नहीं लगता कि मैं अब उस पद के लिए सबसे बढ़िया व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के अन्य लोगों को मौका देना चाहता हूं। अपने भाषण में वराडकर ने कहा कि उन्हें गर्व है कि जब बच्चों के अधिकारों, एलजीबीटी समुदाय, महिलाओं के लिए समानता और उनकी स्वायत्तता की बात आती है तो देश अधिक समान और अधिक आधुनिक स्थान है। त्याग पत्र में कहा कि दोबारा चुनाव नहीं लडेंगे डबलिन में अपने त्यागपत्र में उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि हमने देश को अधिक समान और अधिक आधुनिक स्थान बना दिया है। वराडकर को फाइन गेल के भीतर बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ा है। उन्होंने घोषणा की है कि वे दोबारा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इस महीने की शुरुआत में मतदाताओं ने दो संवैधानिक संशोधनों पर जनमत संग्रह के दौरान सरकार को झटका दिया था। वराडकर हाल ही में वाशिंगटन से लौटे, जहां उन्होंने आयरिश प्रधानमंत्री की पारंपरिक सेंट पैट्रिक दिवस यूएसए यात्रा के हिस्से के रूप में राष्ट्रपति बाइडन और अन्य राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की।

कौन हैं लियो वराडकर?

लियो वराडकर का जन्म 18 जनवरी 1979 में हुआ। उनके पिता एक भारतीय प्रवासी थे और मां मरियम बतौर नर्स का काम करती थी। लियो वराडकर ने डॉक्टरी की पढ़ाई कि और कॉलेज के समय में ही फाइन गेल के टिकट पर काउंसलर का चुनाव जीता था। उनकी पार्टी 2011 में सत्ता में आई उस दौरान वे सरकार में मंत्री बने। खास बता है कि 2015 में उन्होंने अपने समलैंगिक होने का बात कबूली थी। 2017 में आयरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने थे।

अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद पीएम शहबाज शरीफ की चेतावनी- यह हरकत बर्दाश्त नहीं

इस्लामाबाद, 20 मार्च 2024। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच लगातार तनाव की खबरें सामने आ रही हैं। 16 मार्च को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में स्थित एक सैन्य चौकी को आतंकियों द्वारा निशाना बनाया गया था। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई थी। इसके बाद 18 मार्च को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में घुसकर तहरीक के तालिबान के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का बयान सामने आया है। शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनकी सरकार सीमा पार से आतंकवादियों की किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगी।

बर्दाश्त नहीं होगा आतंकवाद:शहबाज शरीफ

शरीफ ने कहा कि कि उनका देश अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ शांति से रहना चाहेगा। आपको बता दें कि पाकिस्तान में आतंकवाद से निपटने के लिए शीर्ष अधिकारियों

की एक समिति का गठन किया गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस समिति की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवाद के रूप में नए खतरे का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए उनका देश पड़ोसी देशों द्वारा सीमा पार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऐसी किसी भी हरकत का जवाब कड़ी कार्रवाई से दिया जाएगा।

18 मार्च को हुई थी एयर स्ट्राइक

अपनी सैन्य पोस्ट पर हुए आत्मघाती हमले के बाद पाकिस्तान ने 18 मार्च को अफगानिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक की थी। पाकिस्तानी सुरक्षा और खुफिया विभाग के दो अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान की सीमा से लगे खोस्त और पक्तिका प्रांतों में तहरीक ए तालिबान के ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इसके बाद पाकिस्तानी तालिबान संगठन ने एक बयान जारी कर हवाई हमले की पुष्टि की। कहा गया कि इस हमले में आठ लोग मारे गए।

2023 में 789 आतंकवादी हमले

2021 में काबुल में तालिबान द्वारा सरकार संभालने के बाद पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिली है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट जारी की गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमले हुए। इन हमलों में 1,524 लोगों की मौत हुई और 1,463 लोग घायल हुए। यह बीते छह सालों में उच्चतम रिकॉर्ड है।

सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों अधिकारियों एवं पेंशनरों के साथ किया है विश्वासघात

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 20 मार्च 2024 (घटती-घटना)। शासन वित्त विभाग के द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 4 प्रतिशत महगाई भत्ते की बढ़ी हुई दर केन्द्र के समान देय तिथि जुलाई 2023 से न देकर 1 मार्च 2024 से लागू किया गया है। जिस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष व कर्मचारी संघ के संरक्षक कर्मचारी नेता महेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के लाखो कर्मचारियों अधिकारीयों एवं पेंशनरों के साथ विश्वासघात किया है। इतना ही नहीं मा. मोदी जी की गारण्टी को भी दरकिनार किया गया है। वर्तमान सरकार के इस आदेश से प्रदेश के लाखो कर्मचारियों एवं पेंशनरो में सरकार के प्रति भारी गुस्सा एवं आक्रोश व्याप्त है।

महेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि शासन द्वारा केन्द्र के समान देय तिथि जुलाई 2023 से महगाई भत्ता लागु नहीं किये जाने से जुलाई 2023 से मार्च 2024 के बीच का 8 माह का ऐरिर्वस लगभग 15 हजार से 20 हजार रूपये प्रत्येक कर्मचारी एवं पेंशनरों का वर्तमान सरकार पूर्ववर्ती सरकार का अनुसरण कर डकार गई। प्रदेश के कर्मचारियों को पूरा विश्वास था कि चुनाव के समय कर्मचारियों से किये गये वादे एवं घोषणा के अनुसार अब प्रदेश सरकार डी.ऐ एवं एरियर केन्द्र समान देय तिथि से लागू करेगी, किन्तु वर्तमान सरकार भी कर्मचारियों एवं पेंशनरो से किये गये वादे एवं घोषणा को दरकिनार करते हुए पूर्व की सरकार की तरह कर्मचारियों एवं पेंशनरो के आर्थिक शोषण की परंपरा को जारी रखना न्याय संगत नहीं है। सरकार अपने निर्णय पर विचार करें। अग्रवाल ने बताया कि माजया शासित कई राज्यो में सरकारे केन्द्र के समान जुलाई 2023 से 46 प्रतिशत तथा जनवरी 2024 से 50 प्रतिशत डी.ऐ का भुगतान कर रही है। छग में जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत डीऐ अभी भी लंबित है। महेन्द्र अग्रवाल ने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री से मांग की है कि कर्मचारियों से किये गये वादे एवं घोषणा के अनुसार केन्द्र के समान देय तिथि जुलाई 2023 से 4 प्रतिशत डी.ऐ लागु करने का संशोधित आदेश जारी किया जावे। तथा जनवरी 2024 से लंबित डी.ऐ. बढोत्तरी करते हुए 50 प्रतिशत डी.ऐ. का भुगतान किया जावे, तथा पूर्व के बकाया डीऐ एरियंस की राशि को जी.पी.एफ खातों में समाहित किया जाए।

संघीय-प्रांतीय चुनावों की न्यायिक आयोग से जांच की मांग, इमरान खान ने सुप्रीम कोर्ट का खटखटाया दरवाजा

इस्लामाबाद, 20 मार्च 2024। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में धांधली के आरोपों की जांच को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। जिसमें उन्होंने एक न्यायिक आयोग के जरिए जांच की मांग की है। गौरतलब है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने आठ फरवरी के आम चुनाव के नतीजों में हेरफेर का आरोप लगाकर नतीजों को मानने से इनकार कर दिया था।

इमरान खान की पार्टी ने की जांच की मांग

पीटीआई नेता और वरिष्ठ वकील हामिद खान ने इमरान खान

की ओर से याचिका दायर की, जिसमें कहा गया कि न्यायिक आयोग को आठ फरवरी को हुए आम चुनावों की प्रक्रिया और आचरण से संबंधित मामलों की जांच, ऑडिट और समीक्षा करनी चाहिए। परिणामों की जांच पूरी होनी चाहिए और रिपोर्ट्स को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

चुनाव के नतीजों में धांधली हुई थी- पीटीआई

पीटीआई ने याचिका में दावा किया कि संघीय और पंजाब स्तर पर सरकार बनाने के सभी परिणामों को तब तक निलंबित कर दिया जाना चाहिए, जब तक नियुक्त न्यायिक आयोग द्वारा जांच के नतीजे सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं। इमरान खान की पार्टी पीटीआई का दावा है कि उसने नेशनल असेंबली की लगभग 180 सीटें जीती थीं, लेकिन नतीजों में धांधली हुई और उसे दर्जनों सीटों से वंचित कर दिया गया।

पीटीआई ने न्यायिक आयोग से की जांच की मांग

गौरतलब है कि पीटीआई 266 सीटों में से केवर 92 सीटें जीतीं थी। सबसे बड़ी पार्टी बनने के बावजूद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने कुछ अन्य राजनीतिक दलों के साथ मिलकर गठबंधन सरकार बनाई है। हालांकि, पाकिस्तान चुनाव आयोग ने इन आरोप को खारिज करते हुए कहा कि मतदान निष्पक्ष तरीके से हुआ और परिणाम उसी के अनुसार सामने रखे गए थे। बता दें नेशनल असेम्बली की कार्यवाही के दौरान पीटीआई के सांसद भी मौजूद रहते हैं, लेकिन उनका दावा है कि अन्याय के खिलाफ विधानसभाओं के साथ-साथ सड़कों पर भी विरोध प्रदर्शन कर रही है। चुनाव के बाद इमरान खान की पार्टी ने खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में सरकार बना ली है।

पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर आतंकी हमला,आठ हमलावर मारे गए

इस्लामाबाद, 20 मार्च 2024। पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित ग्वादर पोर्ट पर आतंकी हमले की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ग्वादर पोर्ट के अथॉरिटी कॉम्प्लैक्स में आठ हथियारबंद आंतकवादी जबरदस्ती घुसे। इसके बाद उनके द्वारा मौके पर गोलीबारी और बम धमाके किए गए।

पोर्ट में घुसे थे 8 हथियारबंद लोग

मकरान डिविजन के कमिश्नर सईद अहमद उमरानी का कहना है कि यह हमला प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी द्वारा किया गया है। हमले में किसी

स्थानीय के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि करीब आठ हथियारबंद लोग ग्वादर पोर्ट में जबरन घुसे। इस कॉम्प्लेक्स में पाकिस्तान चुनाव आयोग समेत कई सरकारी ऑफिस हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पहले गोलीबारी और फिर बम धमाके की आवाजें सुनाई दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया। पाकिस्तान के एक अखबार की रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि इस कार्रवाई में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के आठ हमलावर मारे गए हैं। वहीं ग्वादर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोहैब मोहसिन ने मीडिया को बताया कि जवाबी कार्रवाई में सात हमलावर मारे गए हैं और इसके बाद गोलीबारी बंद हुई।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 20 मार्च 2024 (घटती-घटना)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु स्वीप अंतर्गत लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

जिसके तहत सरगुजा जिले के शासकीय आईटीआई कॉलेज अंबिकापुर के छात्र-छात्राओं द्वारा शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से

आकाशवाणी चौक अंबिकापुर में नुक्कड़ नाटक एवं फ्लैश मोब का आयोजन किया गया। इसी प्रकार सरगुजा जिले की स्वीप जिला आईकॉन सीनियर सिटीजन सुश्री वंदना दत्ता के द्वारा अग्रसेन भवन अंबिकापुर में आयोजित सम्भाव महिला मंच सेवा किटी समूह, वसुधा महिला मंच के सदस्यों के कार्यक्रम में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक किया गया, स्वीप की जिला आइकॉन के द्वारा उपस्थित महिला प्रतिभागियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाया गया।

मेधावी छात्र जो मार्गदर्शन के अभाव में पिछड़ जाते हैं, उनके लिये 28 मार्च से नीट कोचिंग की व्यवस्था

» जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी बीईओ,एबीईओ, बीआरसी तथा सभी स्कूलों के प्राचार्यों की ली बैठक

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 20 मार्च 2024 (घटती-घटना)। कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा की अध्यक्षता में मल्टीपरपज स्कूल के सभाकक्ष में सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी एवं हाई स्कूल, उमावि, सेजेस के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नीट कोचिंग वर्ष 2024 के एजेंडा पर चर्चा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत मेधावी छात्र जो मार्गदर्शन के अभाव में पिछड़ जाते हैं, उनके लिये 28 मार्च से

नीट कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है जिसमें इन छात्रों के रूकने एवं भोजन की भी निःशुल्क व्यवस्था की जावेगी। ऐसे 75 छात्र एवं 75 छात्राओं की सूची प्रपत्रानुसार अभिभावक की सहमति के साथ आरएमएसए कार्यालय में तत्काल संबंधित अधिकारी जमा करें, साथ ही कोचिंग में पढ़ाने हेतु जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगायी जायेगी उनके लिये पारिश्रमिक भी निर्धारित हो। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में सर्व अधिकारी एवं प्राचार्य अपने अधीनस्थ कर्मचारी जिनकी ड्यूटी निर्वाचन में लगायी जाती है, उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन का कार्य किसी भी स्थिति में प्रभावित न हो इसका ध्यान रखें। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन उचित प्रकार से करेंगे।

इस दौरान पीपीईएस में त्रुटियो के संशोधन के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस संबंध में सर्व अधिकारियों एवं प्राचार्यों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के मूल्यांकन का कार्य दिनांक 23 मार्च से शुरू होना है। मूल्यांकन हेतु जितने भी शिक्षकों की ड्यूटी माध्यमिक शिक्षा मंडल से लगायी गई है, उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करना सुनिश्चित करें। 14 अप्रैल तक मूल्यांकन का कार्य संपन्न कराया जाना है, मूल्यांकनकर्ता किसी भी स्थिति में लापरवाही न करें। यदि लापरवाही बरती जाती है तो तत्काल रूप से संबंधित शिक्षक के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। बैठक में 9वीं से 12वीं की वार्षिक परीक्षा पर भी चर्चा की गई। इसमें कक्षा 9वीं एवं 11वीं की वार्षिक परीक्षा का आयोजन कराने एवं समय सारणी अनुसार परीक्षा संपन्न कराने हेतु सर्व प्राचार्या को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही कहा गया कि पहली से 8वीं तक की वार्षिक परीक्षा का आयोजन समय सारणी अनुसार कराया जाना है। इस हेतु पेपर संबंधित विद्यालयों में वितरित कराया जाये। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया।

सात हजार घूस लेकर भी पट्टे का नहीं किया विभाजन,महिला ने कलेक्टर से की शिकायत

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 20 मार्च 2024 (घटती-घटना)। जनदर्शन में एक ग्रामीण महिला ने हल्का पटवारी के ऊपर ?7000 घुस लेकर पट्टे का विभाजन नहीं करने का आरोप लगाकर कलेक्टर से शिकायत कर पट्टे के विभाजन की मांग की है।मिली जानकारी के मुताबिक सरगुजा जिले के लखनपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत आवेदिका

हीरू आत्मज स्वर्गीय रमदुउआ उम्र 43 वर्ष जाति केवट सलका कर्मी टिकरा निवासी ने रू.7000 हल्का पटवारी द्वारा घूस लेकर पट्टे का विभाजन नहीं करने के संबंध में सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर से जनदर्शन में शिकायत की है। ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि हीरू के पिता की भूमि रकबा 2.617 हेक्टेयर भूमि के विभाजन को लेकर लखनपुर तहसील न्यायालय में 5 वर्ष तक प्रकरण चला। न्यायलय तहसीलदार के द्वारा पट्टे की भूमि विभाजन को लेकर हल्का पटवारी को आदेश किया गया था। परंतु तहसीलदार के आदेश की हवेलियां करते हुए हल्का पटवारी के द्वारा ?7000 घुस लेकर भी पट्टे का विभाजन नहीं किया गया। पट्टे विभाजन को लेकर हल्का पटवारी के द्वारा आवेदिका सेऔर? 3000 की मांग किया जा रहा है। हल्का पटवारी को पैसा देने में असमर्थ आवेदीका ने अम्बिकापुर जनदर्शन में पहुंच कलेक्टर से हल्का पटवारी के खिलाफ लिखित शिकायत कर पट्टा विभाजन की मांग की है।

पेयजल पर कई करोड़ खर्च पर समस्या जस की तस ?

नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कहा शहरवासियों को नगरपालिका नहीं पिला पा रही पानी

-संवाददाता-
कोरिया,20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

वार्डों में नहीं हो रही पर्याप्त पानी सप्लाई,कुछ मिनटों में बंद हो जाती है सप्लाई एक तरफ सरकार द्वारा शहर से लेकर गांवों तक लोगों को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर जगह-जगह नई पाइप लाइन बिछाते हुए पानी की आपूर्ति की जा रही है तो बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद जलापूर्ति को लेकर नगर पालिका फिसड्डी साबित हो रहा है। आधे शहर में पहले से ही जलापूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं है। जिन वार्डों में पाईप लाईन बिछी भी है तो वहां के वार्ड वासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। लेकिन वार्डों में जलापूर्ति की बात की जाए तो किसी को एक बाल्टी तो किसी को दो बाल्टी पानी ही नसीब हो पा रहा है। जबकि गर्मी की अभी शुरुआत भी नही हुई है नगर वासियों को इन दिनो अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन वार्डो के रहवासी पूरी तरह से नपा की जल सप्लाई व्यवस्था पर निर्भर हैं वहां के लोगों को सबसे ज्यादा मुश्किलों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। जलापूर्ति न होने की स्थिति में लोगों को दूसरे

संसाधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। दस मिनेट भी नहीं हो रही शुद्ध पानी सप्लाई वार्ड वासियों की माने तो इन दिनो सिर्फ कुछ देर के लिए ही पानी आता है । नलो में पानी इतना कम आता है कि बमुश्किल एकाध बाल्टी पानी ही मिल पाता है। बड़ी मशक्कत के बाद लोगों को पीने का पानी मिल पा रहा है।

जलापूर्ति के नाम पर शहर वासियों को इन

अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह
नेता प्रतिपक्ष / पार्षद वार्ड क्र.16 नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर कोरिया (छ.ग.) | महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, कोरिया (छ.ग.)
निज निवास गढ़ेलपारा बैकुण्ठपुर | 8839036883 | annpurnasingh132@gmail.com

पत्र क्रमांक...28..... दिनांक 18/03/24

प्रति,
श्रीमान मुख्य नगरपालिका अधिकारी महोदय,
नगरपालिका परिषद बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ0ग0

विषयः— पेय जल की समस्याओ के समाधान कराने के संबंध मे।

महोदय,

सादर निवेदन है कि महोदय मै आपका ध्यान नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर मे पेय जल की अनियमित जल अपूर्ति की ओर आकर्षित कराना चाहती हूँ। जल की इस अनियमित आपूर्ति से क्षेत्र के नागरिको में रोष है इससे पूर्व भी अनेको बार समस्याओ से अवगत करा चुकी हूँ परन्तु स्थिति मे कोई सुधार नही हुआ है।

अतः आपसे प्रार्थना है कि इस क्षेत्र मे पेय जल की समुचित व्यवस्था कराने हेतु उचित कदम उठाने की कृपा करे।

प्रतिलिपिः—
श्रीमान कलेक्टर महोदय बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ0ग0 को सादर सूचनार्थ।

18/03/24
आवक / जावक लिपिक
नगरपालिका परिषद-बैकुण्ठपुर
जिला-कोरिया (छ.ग.)

कलेक्टर कोरिया (छ0ग0)
18 MAR 2024
बैकुण्ठपुर

(अन्नपूर्णा सिंह)
पार्षद
नगर पालिका परिषद-बैकुण्ठपुर
वा.न.-16 जिला-कोरिया

दिनो नगर पालिका ठेंगा दिखा रही है। टैंकर का इंतजाम यदि आपने कर भी लिया तो, पानी भरने का इंतजाम आपको खुद ही करना पड़ेगा नगर पालिका परिषद के जलापूर्ति मोटर खराब होने से आपूर्ति बाधित,पंप हाउस का मोटर पंप पांच दिन पहले खराब हो गया। इसके कारण पानी सप्लाई बंद है। सप्लाई वाटर के सहारे रहने वाले लोगों को सुबह होते ही पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने जल आपूर्ति की समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद एवं जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षण करवाते हुए लिखा है पत्र पिछले पांच दिनों से आश्वासन मिल रहा है कि मोटर की मरम्मत की जा रही है। बता दें कि नगर पालिका बैकुंठपुर क्षेत्र में 20 वार्ड हैं। करीब 20 हजार आबादी निवास करती है।नगर परिषद की लापरवाही और उदासीनता के चलते नगर में अब जल संकट गहराने लगा है। नगरपालिका परिषद की लचर व्यवस्था के कारण यह स्थिति बनी है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे हैं। करीब एक सप्ताह से नगर के कई वार्डों में पानी को लेकर गंभीर समस्या बनी हुई है। नगरपालिका टैंकर से भी नगर में पानी की पूर्ति नहीं कर रही है। वर्ष 2023 में भी नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह के द्वारा नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षण करवाते हुए जल आपूर्ति के लिए स्थाई व्यवस्था की मांग की गई थी अब तक शहर में पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। वर्तमान में एक दिन बाद एक दिन जलापूर्ति होती है। बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद की ओर से पानी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। वार्ड मैं कई जगह बोरिग हुआ है, लेकिन मरम्मती के अभाव में खराब पड़ा है। गर्मी ठीक से शुरू नहीं हुई है लेकिन वार्डों में कॉलोनी में पानी की समस्या अभी से होने लगी समय रहते जल आपूर्ति समस्याओं का समाधान करने के लिए नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने शहर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल सुचारू रूप से उपलब्ध हो सके नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर से जल आपूर्ति समय पर सभी घरों में मिलने की मांग की जा रही है। उन्होंने नगर पालिका परिषद से आग्रह किया है कि वे जल आपूर्ति को सुनिश्चित करें ताकि नागरिकों को नियमित और पर्याप्त मात्रा में पानी प्राप्त हो सके। इस मामले में उन्होंने शीघ्र कदम उठाने का आग्रह किया है ताकि नगर की जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे।

अब केल्हारी सिर्फ नाम का नहीं काम का ब्लाक के तौर पर जाना जाएगा:रेणुका

नए अनुविभाग केल्हारी के लिए 7 नए पद स्वीकृत, विधायक रेणुका ने जताया आभार

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़, 20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के नए अनुविभाग केल्हारी कार्यालय के लिए 7 नए पदों की स्वीकृति राज्य सरकार ने की है। नवीन अनुविभाग केल्हारी में पदों की स्वीकृति के लिए क्षेत्र की जनता की ओर से पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक रेणुका सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का आभार जताया है। केल्हारी अनुविभाग कार्यालय में पदों की स्वीकृति मिलने के बाद भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि, पदों की स्वीकृति मिलने से अब केल्हारी सिर्फ नाम का नहीं काम का ब्लाक के तौर पर जाना जाएगा। ग्रामीणों का अब अनुविभागी स्तर का काम यहां सुलभता से होगा व ग्रामीणों को अपने काम के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। केल्हारी अनुविभाग कार्यालय में 7 पदों की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों का कामकाज सुगमता से होगा।

पावरलिफ्टिंग में मनेन्द्रगढ़ के मयंक ने 2024 में स्वर्ण पदक के साथ वापसी की

-संवाददाता-
एमसीबी,20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

मयंक ने 2024 में स्वर्ण पदक के साथ वापसी की। बताते हुए काफी गर्व हो रहा है के मयंक सिंह, पिता महेंद्र प्रताप सिंह, माता अंजलि सिंह, ने 2024 में वापसी करते हुए 3 स्वर्ण पदक के साथ 1 कांस्य पदक पर भी अपना कब्ज़ा जमाया। मयंक ने, दुर्ग में अयोजित पावरलिफ्टिंग इंडिया (पी.आई.) - इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग फेडरेशन (आई.पी.एफ.) के अधीन छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के द्वारा अयोजित पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 3 स्वर्ण के साथ-साथ 1 कांस्य पदक प्राप्त कर अपने जिले एवं संभग का नाम रोशन किया और जिले को राज्य पॉवरलिफ्टिंग में एक नई पहचान दिलाई। मयंक ने 59 किलो वर्ग में 57.7 किलो बॉडीवेट के साथ, 200 किलो की डेडलिफ्ट, 140 किलो की स्क्वाट और 95 किलो की बेंच प्रेस लगा कर अपने नाम जीत दर्ज कराई। बता दें मयंक ने अभी तक 8 माह में 14 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक अर्जित कर अपने कठिन अनुशासन और काम की नैतिकता का परिचय दिया है। मयंक सिर्फ 24 साल की उम्र में पॉवरलिफ्टिंग खेल मे नई ऊंचाइयां अर्जित करते जा रहे हैं और एक दिन देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक जितने की पूरी मेहनत पर लगे हुए हैं। मयंक ने बताया के 2 महीने पूर्व से

वो बीमार भी चल रहे थे फिर भी उन्हें अपनी ट्रेनिंग नहीं बंद कारी और प्रैक्टिस में लगे रहे, वो और बेहतर प्रदर्शन की चाह रखते हैं और नेशनल रिकॉर्ड बनने की चाह रखते हुए हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं ताकि वो अपने जिले, राज्य और देश की तरक्की की राह पर थोड़ा अपना सहयोग कर सकें। वहीं मयंक अपने साथ-साथ और बच्चों को भी पॉवरलिफ्टिंग के लिए तैयार कर रहे हैं जिनके साथ खोंगपानी के अनुराग ने भी सब जूनियर 83 किग्रा वर्ग में 1 कांस्य पदक जीता, अपने गुरु, माता पिता और जिले को गौरवान्वित किया, अनुराग महज़ 16 साल के हैं और 9वीं क्लास में पढ़ते हैं। मयंक आने वाले समय में और बेहतर प्रदर्शन कर, अपने साथ-साथ और हर एक बच्चे को प्रेरित कर हर एक खेल में आगे बढ़ने को सहायता करते रहेंगे। मयंक ने समाज को एक संदेश दिया है कि हमने अपनी इच्छा शक्ति और दृढ़ संकल्प से आप दुनिया में कोई भी उच्चाई प्राप्त कर सकते हैं और हमेंशा भगवान पर भरोसा रखें और अपने माता जी पिता जी का , आशीर्वाद लें। वीर बजरंगबली और श्री श्याम बाबा के बड़े भक्त हैं मयंक सिंह।

होली को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़, 20 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

मनेन्द्रगढ़/19 मार्च 2024/ होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते नियन्त्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं जिला कोरिया में सीमावर्ती राज्यों से मिलावटी खोवा, मावा, कुन्दा इत्यादि खाद्य के आपूर्ति की आशंका बढ़ जाती है। जिसके कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। दोनों जिले के समस्त मिठाई दुकानों का सतत् एवं सघन निरीक्षण किया जा रहा है। मिलावट की आशंका के मद्येनजर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, विनोद कुमार गुप्ता एवं टीम द्वारा मेसर्स हजारी होटल, गांधी चौक, मनेन्द्रगढ़ से काजू कतली का, मेसर्स सोनी टी स्टॉल, हल्दीबाड़ी चिरमिरी से चमचम एवं मेसर्स जोधपुर राजस्थान स्वीट्स, महलपारा चैक, मेन रोड बैकुण्ठपुर से खोवा का विधिक नमूना लेकर परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर भेजा गया है।

महिला स्व.सहायता समूह के दीदियों ने लगाया हर्बल गुलाल का स्टाल

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

पहली बार महिला स्व सहायता समूह के दीदियों ने बताया की इस वर्ष पहली बार हर्बल गुलाल निर्मित कर रही हैं। परियोजना निर्देश श्री नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआर एलएम सिमेंद्र सिंह के सहयोग से जय अम्बे स्वयं सहायता समूह की दीदियों को रोजगार का साधन उपलब्ध कराते हुए गुलाल बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण उपरांत दीदीयों ने मेहनत कर होली के त्यौहार के लिए हर्बल रंग तैयार किया और उसका स्टाल आज जिला कलेक्टर कार्यालय में लगाया गया।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट तथा

नवपदस्थ वनमण्डलाधिकारी मनीष कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान जय अम्बे स्वयं सहायता समूह के द्वारा लगाये गये स्टाल का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत उन्होंने हर्बल रंग भी खरीदा। उन्होंने शिव महिला समूह द्वारा तैयार स्टेशनरी सामग्री कॉपी, फाइल पैड, फाइल कवर के बारे पूछा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम सिमेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि समूह की दीदियों के द्वारा अब तक 4 माह में 1.5 लाख रूपये की सामग्री का विक्रय किया गया है। इसी प्रकार जय अम्बे समूह की दीदीयों ने हर्बल गुलाल तैयार करने का काम किया है जिसमें उन्होंने हल्दी से पीला रंग, पलाश के फूल से संतरा रंग, चुकंदर से गुलाबी रंग तथा पालक से हरा रंग का गुलाल तैयार किया है। स्टाल लगाकर समूह ने 6 हजार रूपये की गुलाल बिक्री की। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा व मादक पदार्थ किया जब्त

-संवाददाता-
सूरजपुर,20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी इंद्रबली सिंह मार्कण्डेय के मार्गदर्शन में कुदरगढ़ में अवैध शराब के संग्रहण पर कार्यवाही की गई। आबकारी अधिनियम 1915 के विभिन्न धाराओं के तहत् अवैध मदिरा एवं मादक

पदार्थों के विरूद्ध कुल 15 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 195 किग्रा. महुआ लाहन जब्त किया गया। जिसकी न्यायालयीन कार्यवाही की जा रही है।

कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा, वीरेंद्र रात्रे आबकारी मुख्य आरक्षक भरत सिंह, आबकारी आरक्षक कृष्णा कुशवाहा, कमलेश्वर राजवाड़े, नगर सैनिक बिंदु राजवाड़े एवं देवेंद्र कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवारी बाजार में आम जन को दिलाया गया शपथ

-संवाददाता-
सूरजपुर,20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के निर्देशन एवं जिला स्वीप सहायक नोडल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी ललित कुमार पटेल के मार्गदर्शन में सूरजपुर बुधवारी बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत आज बाजार में सब्जी, दोना पत्तल विक्रेताओं, सब्जी क्रय करने के लिए बाजार आने वाले ग्राहकों, आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार प्रसार कर, मतदाता जागरूकता के तहत लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए शत प्रतिशत मतदान करने तथा शपथ ग्रहण भी कराया गया। इस दौरान विकासखंड परियोजना अधिकारी जयराम प्रसाद, सुदर्शन दास,अजय देवांगन उपस्थित थे।

क्या डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह की मनमानी भाजपा शासनकाल में भी जारी ?

स्थानांतरण उपरांत भारमुक्त होने के बाद भी नहीं जा रही हैं नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने:सूत्र

मामले में क्या चुनाव आयोग लेगा संज्ञान,क्या उन्हे कराएगा भारमुक्त ?

स्थानांतरण होने के बाद नेता मंत्रियों के पीछे लगा रही हैं लगातार चक्कर

कांग्रेस शासनकाल में मनमानी करना आम आदत थी इनकी

क्या भाजपा शासनकाल में भी चलेगी इनकी मनमानी ?

कटघोरा विधायक, कोरबा विधायक सह मंत्री सहित वित्तमंत्री के पास अपना स्थानांतरण रुकवाने लगा चुकी हैं चक्कर:सूत्र

-राजा मुखर्जी-
कोरबा,20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर बनी ऋचा सिंह का कोरबा से कोंडागांव स्थानांतरण प्रशासनिक आधार पर हुआ परन्तु आज दिनांक तक वो अपने स्थानांतरित कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण करने नहीं पहुंची हैं वहीं अभी भी वह अपने वर्तमान निवास स्थान एनटीपीसी मे ही निवासरत हैं, चूंकि आदर्श आचार संहिता लग चुकी है और फिर भी कोरबा जो उनका स्थानांतरण पूर्व का पदस्थापना जिला या स्थल है से वह स्थांतरित जगह नहीं जाना चाहती हैं और उनके नहीं जाने से चुनाव वह चुनाव प्रभावित कर सकती हैं क्योंकि वह आरंभ से ही कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित रही हैं, वहीं कोरबा लोकसभा के हिसाब से उनकी कांग्रेस नेताओं से नजदीकी भी ज्यादा रही है और वर्तमान में कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी से भी इनका गहरा संबंध इसलिए रहा है क्योंकि कोरिया जिले में तहसीलदार के पद पर रहते हुए यह कांग्रेस शासनकाल में बैकुंठपुर विधायक रही साथ ही छत्तीसगढ़ शासन में संसदीय सचिव रही कांग्रेस नेत्री की खास थीं करीबी थीं जहां इनका प्रतिदिन आना जाना होता था और जिनके ही कारण वर्तमान में कांग्रेस प्रत्याशी जो वर्तमान सांसद भी हैं से भी इनकी प्रगाढ़ता कायम हुई और अब यह अंदेशा लगाया जा रहा है की यदि वह कोरबा में ही रह जाती हैं निश्चित रूप से चुनाव प्रभावित करने का वह प्रयास करेंगी और वह कोरिया तक अपने संपर्क स्थापित कर ऐसा करेंगी क्योंकि कांग्रेस शासनकाल में इन्हे नेताओं ने काफी सहयोग प्रदान किया था खासकर कोरबा लोकसभा के कांग्रेस नेताओं के द्वारा और यही वजह भी रही की इन्हें पदोन्नति के बाद पदस्थापना कोरबा जिले में ही मिला। तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर बनी कई मामलों में जबकि जांच भी जारी थी इनकी यह इसलिए ही संभव हुआ क्योंकि कांग्रेस नेताओं ने इनकी मदद की और जांच को कहीं न कहीं इनके पक्ष में कराया या फिर जांच होने ही नहीं दिया।

स्थानांतरण आदेश

//आदेश//

नया रायपुर अटल नगर, दिनांक 12/03/2024

क्रमांक बी-1-1/2024/एक/4: राज्य शासन प्रशासन विभाग प्रशासनिक योजना के निम्नलिखित अधिकारियों को प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित करते हुए उन्हें अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक नीचे दर्शित तालिका में उनके नाम के सम्मुख कॉलम-(4) में दर्शाये गये स्थान पर पदस्थ करता है :-

CMOCHHATTISGARH

क्र.सं.	अधिकारी	पदस्थापना	
(1)	(2)	(3)	(4)
01	श्री, विनय अवस्थी, राअसे, आर.आर. 2014	अपर कलेक्टर, सारंगढ़ बिलाईगढ़	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बलौदाबाजार भाटापारा
02	श्री आशीष देशमुख राअसे, आर.आर.-2015	आयुक्त, नगर पालिक निगम बिलासपुर	क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, रायपुर
03	श्रीमती नीतिका शर्मा राअसे, आर.आर.-2015	संयुक्त कलेक्टर, सारंगढ़ बिलाईगढ़	आयुक्त, नगर पालिक निगम, बिलासपुर
04	श्री विनय कुमार लेकड़ राअसे, आर.आर.-2015	उप महाप्रबंधक संचार एवं अपर सचिव सूचित शासन विभाग, मंत्रालय	उप महाप्रबंधक संचार के साथ अपर सचिव जनसंपर्क का अतिरिक्त प्रभार
05	श्री विनय कुमार पोरते राअसे, आर.आर.-2015	संयुक्त कलेक्टर, दुर्ग	क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, अभिरायपुर
06	श्री पंकज झरिया राअसे, आर.आर.-2015	संयुक्त कलेक्टर, रायगढ़	संयुक्त कलेक्टर, गरियाबंद
07	श्री आनन्दकुमार सिन्हारी राअसे, आर.आर.-2016	संयुक्त कलेक्टर, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही	क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, बिलासपुर
08	श्री मंगलम पटेरिया राअसे, पी.-2016	संयुक्त कलेक्टर, सुकमा	मंत्रालय, नया रायपुर
09	श्री दुर्गेश्वर साहरे राअसे, पी.-2016	संयुक्त कलेक्टर, गरियाबंद	क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जगदलपुर
10	श्री सतीश ठाकुर राअसे, पी.-2016	डिप्टी कलेक्टर, कोण्डागांव	उप महाप्रबंधक, छ.म. पर्यटन मण्डल, रायपुर
11	श्री टेकराम मरकाम राअसे, पी.-2016	संयुक्त कलेक्टर, सुकमा	संयुक्त कलेक्टर, बेमेतरा
12	श्री विनोद कुमार समोटेल राअसे, आर.आर.-2016	संयुक्त कलेक्टर, सारंगढ़बिलाईगढ़	संयुक्त कलेक्टर, मुंगेली
13	श्री कामरान खान राअसे, आर.आर.-2019	डिप्टी कलेक्टर, सूरजपुर	डिप्टी कलेक्टर, धमतरी
14	श्री गुलशन मरावी राअसे, पी.-2020	डिप्टी कलेक्टर, कोरिया	डिप्टी कलेक्टर, कोरबा
15	श्रीमती ऋचा सिंह राअसे, पी.-2021	डिप्टी कलेक्टर, कोरबा	डिप्टी कलेक्टर, कोण्डागांव
16	श्री सुरभाव नोपाल राअसे, पी.-2021	संयुक्त कलेक्टर, मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर	डिप्टी कलेक्टर, कोरबा

कोरबा कलेक्टर ने किया भारमुक्त

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, कोरबा (छ0ग0)

//आदेश//

क्रमांक/ 249 /स्टेनो/2024 कोरबा, दिनांक :15 /03/2024

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर का आदेश क्रमांक/बी-1-1/2024/एक/4 नया रायपुर, अटल नगर दिनांक 12.03.2024 द्वारा श्रीमती ऋचा सिंह, डिप्टी कलेक्टर कोरबा को प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित कर अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त डिप्टी कलेक्टर, कोण्डागांव के पद पर पदस्थ किया गया है।

अतः उक्त आदेश के परिपालन में श्रीमती ऋचा सिंह, डिप्टी कलेक्टर कोरबा को उनकी नवीन पदस्थापना कार्यालय कलेक्टर, जिला कोण्डागांव के लिए आज दिनांक 15.03.2024 को अपरान्ह इस जिला से भारमुक्त किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर 15/3/24
(कोरबा(छत्तीसगढ़)

पृ.क्रमांक/ 250 /स्टेनो/2024 कोरबा, दिनांक :15/03/2024

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. आयुक्त, बिलासपुर संभाग बिलासपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. कलेक्टर, जिला कोण्डागांव (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. प्रभारी अधिकारी.....जिला कोरबा को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा/कटघोरा/पोड़ी उपरोड़ा/पाली को सूचनार्थ प्रेषित।
7. श्रीमती ऋचा सिंह, डिप्टी कलेक्टर कोरबा को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
8. जिला कोषालय अधिकारी कोरबा/कोण्डागांव को सूचनार्थ प्रेषित।
9. उपसंचालक, जनसंपर्क विभाग कोरबा को सूचनार्थ प्रेषित।
10. सर्व संबंधित.....को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

क्या चुनाव आयोग ध्यान देगा ?

तहसीलदार रहते हुए कांग्रेस नेताओं खासकर कोरबा सहित सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं के काफी करीबी मानी जाने वाली वहीं कांग्रेस शासनकाल में ही कई आरोपों जिनमे जांच भी होनी तय थी और सही जांच होने पर आरोप भी तय होना तय था के बावजूद पदोन्नति पाने वाली वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर के पद पर कार्यरत ऋचा सिंह जिनका कोरबा जिले से स्थानांतरण कोंडागांव जिले के लिए किया गया है का नई पदस्थापना जिले के लिए रवाना न होना जबकि उन्हे वर्तमान में कोरबा जिले से भी भारमुक्त कर दिया गया है एक तरह से शासन के आदेशों की अवहेलना है। अब यदि वह कोंडागांव नहीं जाती हैं तो उन्हे वर्तमान में अवकाश की भी पात्रता नहीं होगी क्योंकि उन्हे भारमुक्त कर दिया गया है कोरबा से वहीं कोंडागांव में उनका तबादला किया गया है और लोकसभा चुनाव भी होने हैं ऐसे में चुनाव कार्य में भी अधिकारियों की उपलब्धता को लेकर समस्या उत्पन्न होगी संख्या कम होगी,ऐसे में क्या चुनाव आयोग इस मामले में ध्यान देगा क्या वह कांग्रेस नेताओं खासकर कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं की करीबी मानी जाने वाली डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह को उनके तबादला स्थल के लिए रवाना होने का कड़ा निर्देश जारी करेगा। वैसे चुनाव आयोग को इस मामले में ध्यान देना चाहिए क्योंकि डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह भाजपा नेताओं के आगे पीछे घूमकर अपना तबादला रुकवाने में लगी हुई हैं ।

कोरिया व सूरजपुर में इनका कार्यकाल विवादों से घिरा रहा

तहसीलदार रहते हुए वर्तमान की डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह कोरिया सहित सूरजपुर जिले में कार्यरत रहीं। यह कार्यकाल उनका कांग्रेस शासनकाल का कार्यकाल था। दोनो जिलों में इनका कार्यकाल काफी विवादों से घिरा रहा,इस दौरान इनकी काफी शिकायतें हुई और कई आरोप लगे इनके ऊपर, इन्होंने इस दौरान आम लोगों के हित में काम करने की बजाए या तो नेताओं के हित में काम किया कांग्रेस नेताओ के या फिर अपना हित इन्होंने साधा। कुल मिलाकर इस दौरान इन्होने राजस्व मामलों में जमकर मनमानी की भ्रष्टाचार किया जो इनकी शिकायत के रूप में भी समाने आया।

कांग्रेस शासनकाल में संरक्षण पाने के बाद अब भाजपा शासनकाल में भी संरक्षण चाह रही हैं डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह ?

कांग्रेस शासनकाल में तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर तक के पद पर कार्य करते हुए कांग्रेस नेताओं से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से बेहतर संबंध स्थापित कर बराबर मनचाही पदस्थापना पाने वाली वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह का जबसे कोरबा से कोंडागांव तबादला किया गया है तब से ही वह अपना तबादला रुकवाने भाजपा नेताओं के आगे पीछे दौड़ लगा रही हैं,वर्तमान में पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लगी हुई है और इस बीच उन्हे कोंडागांव के लिए कोरबा जिले से भारमुक्त भी कर दिया गया है और अब नया कोई आदेश या आदेश संशोधन भी जबकि होना मुश्किल है डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह लगातार भाजपा नेताओं से संरक्षण की उम्मीद लगाए हुए हैं, डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह कांग्रेस शासनकाल में केवल कांग्रेस नेताओं के लिए उनके हिसाब से काम करने के लिए प्रसिद्ध थीं और जिसको लेकर कई बार शिकायत भी हुई और उनके द्वारा कई मामलों में गड़बड़ी भी की गई जिसकी शिकायत भी हुई जिसकी जांच भी होनी थी लेकिन वहीं तहसीलार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति भी बाधित होनी थी लेकिन कांग्रेस नेताओं से अच्छे संबंध के कारण वह सभी मामलों को कांग्रेस शासनकाल में दबा ले जाने में कामयाब हुई वहीं दबी में उन्हे पदोन्नति भी मिली, कांग्रेस शासनकाल में भरपूर संरक्षण के साथ काम करने के कारण ही उन्हे मनमानी की आदत पड़ी हुई है और अब वही मनमानी वह भाजपा शासनकाल में करने की फिराक में लगी हुई हैं जिससे भाजपा नेता अनभिज्ञ हैं और शायद जब वह जान जायेंगे संरक्षण देना बंद कर देंगे।

स्थानांतरण के बाद नवीन पदस्थापना स्थल पर ना जाकर क्या आदेशों की अवहेलना कर रही डिप्टी कलेक्टर ?

लोकसभा चुनाव के पूर्व चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रदेश में प्रशासनिक स्थानांतरण बड़े स्तर पर किए गए जिससे निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके,इसी क्रम में कोरबा में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह का तबादला कोंडागांव किया गया। अब वह कोंडागांव न जाना पड़े इस प्रयास में लगी हुई हैं और भारमुक्त किए जाने के बाद भी वह नेताओं के पीछे मंत्रियो के पीछे दौड़ लगा रही हैं,वैसे कांग्रेस की सरकार होती वह तबादला रुकवा ले जाती यह भी माना जा रहा है लेकिन अब भाजपा सरकार में उन्हे काफी मिन्नते करनी पड़ रही है जो देखने को मिल रहा है। अब क्या वह कोंडागांव न जाकर चुनाव आयोग के निर्देशों की अवहेलना कर रही हैं क्या ऐसा चुनाव आयोग मानकर उनके ऊपर कार्यवाही करेगा यह देखने वाली बात होगी,वैसे प्रदेश में केवल उन्हीं का तबादला किया गया ऐसा भी नहीं है,बात केवल इतनी है की वह केवल वहीं रहना चाहती हैं जहां वह राजस्व मामलों में गड़बड़ी कर अपने लोगों को परिजनों को लाभ पहुंचा सकें जो कोंडागांव जैसे जिले में संभव नही हो सकता। वैसे उन्होंने अपने कई परिवारजनों को अनुचित लाभ राजस्व मामलों में पहुंचाया है।

थाना कोतवाली द्वारा अवैध कबाड़ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए लगभग 07 टन अवैध कबाड़ किया गया जप्त

-संवाददाता-
कोरबा, 20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध कबाड़ के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस कोरबा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मोतीलाल पटेल द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ राताखार क्षेत्र में संचालित मायरा इंटरप्राइजेज पर कार्यवाही की गई । मुखबीर से प्राप्त सूचना के मुताबिक मायरा एंटरप्राइजेज में अवैध रुप से कबाड़ रखने की सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा हमराह स्टाफ तथा नायब तहसीलदार के साथ सूचना तस्दीक के लिए रवाना हुए । मौके पर पहुंच कर पाया कि मायरा इंटरप्राइजेस गोदाम राताखार में भारी मात्रा में लोहे का कबाड़, टीना, लोहे के पार्ट्स, लोहे का पाईप, लोहे का राड, सायकल एवं मोटर साइकिल के पार्ट्स एवं अन्य लोहे के सामान एवं पार्ट्स मिलने पर धारा 102 जा.फौ. में जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा मायरा इंटरप्राइजेस के गोदाम जो कि राताखारमें स्तिथ है को नायब तहसीलदार के द्वारा सील किया गया है। पुलिस ने बताया के कबाड़ के अवैध कारोबारियों के विरूद्ध सतत कार्यवाही जारी रहेगी तथा यह भी अपील की है के लोग नशे का सेवन कर वाहन ना चलाएं ।

लोकसभा निर्वाचन 2024:रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निषिद्ध

-संवाददाता-
सूरजपुर,20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोहित व्यास ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया पूर्ण होने तक कानून व्यवस्था एवं निर्वाचन संबंधी आचार संहिता का पालन समुचित कराने छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5 एवं ध्वनि प्रदूषण (नियंत्रण एवं नियमन) नियम 2000 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक शर्तों के अधीन जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का चलाए या चलवाए जाने के संबंध में प्रतिबंधित आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान सभी अभ्यर्थी, राजनीतिक दल, उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति प्रचार-प्रसार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करते हैं। इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न केवल स्थायी रूप से होता है, विभिन्न वाहनों यथा-जीप, कार, ट्रक, टेम्पो, तिपहिया स्कूटर, सायकल, रिक्शा आदि पर घूम-घूम कर या स्थिर रखकर भी होता है। ये वाहन सभी गलियों, सड़कों एवं उप गलियों पर चलते हैं तथा गांवों, बस्तियों, मोहल्लों एवं कालोनियों से बहुत ऊँची आवाज में लाऊड स्पीकरों से प्रसारण करते हुए जाते हैं। लाउडस्पीकरों का ऊंची आवाज में प्रयोग करने से विद्यार्थी वर्ग का अध्ययन बाधित होता है। लाउड स्पीकरों पर अबाध रूप से किये जाने वाले शोरगुल से वृद्ध, दुर्बल, बीमार व्यक्ति को चाहे वह किसी चिकित्सालय संस्थान में हो या घर में हो बहुत परेशानी होती है। उन्होंने आदेश में कहा है कि निर्वाचन अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को पूर्ण रूप से रोका नहीं जा सकता है, क्योंकि ध्वनि विस्तारक यंत्र, निर्वाचन प्रचार एवं जनसमूह के बीच अपने विचार व्यक्त करने के साधनों में से एक साधन है। लेकिन उसके साथ-साथ विषम समय में विषम स्थान पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अविवेकपूर्ण ऊंचे स्वरों पर अवैधानिक प्रयोग जिससे जनमानस की शांति एवं स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो कि अनुमति दिया जाना उचित नहीं है। सभी तथ्यों के प्रकाश में, सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद आवश्यक शर्तों के अधीन जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का चलाए या चलवाए जाने के संबंध में प्रतिबंधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जिले के ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना अथवा करवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं में, नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही सक्षम अधिकारी की अनुमति पश्चात् किया जा सकेगा, किन्तु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के होंगे एवं छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार अनुज्ञेय सीमा में ही प्रयोग किये जायेंगे। लोक परिशांति को देखते हुए लम्बे चोंगे वाले लाउड स्पीकरों का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। वाहनों एवं चुनावी सभाओं में एक से अधिक लाउड स्पीकर समूहों में लगाया जाना भी प्रतिबंधित किया जाता है।

इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना

केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से डराकर इलेक्टोरल बॉन्ड से की गयी वसूली

-संवाददाता-
कोरबा, 20 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

देश में आगामी कुछ दिनों में लोकसभा चुनाव 2024 होना है जिसे लेकर सभी पार्टी द्वारा अपने अपने प्रत्याशियों को लेकर चुनाव प्रचार सुरू कर दिया गया है । वहीं चुनाव प्रचार के दौरान सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार एसबीआई को इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर जानकारी देने कि बात कही गयी थी । जिस पर एसबीआई ने विगत दिनों जानकारी तो दी है पर उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड के नंबरों की जानकारी नहीं दी । सुप्रीम कोर्ट ने पुनः एसबीआई से पूर्ण जानकारी 23 मार्च तक देने को कहा है । जिसे लेकर पूरे देशवासियों के मन में जिज्ञासा बना हुआ है के आखिर इलेक्टोरल बॉन्ड का माजरा है क्या,क्या वाकई भाजपा ने वाकई आर्थिक लाभ लें उद्देश्य से यह बॉन्ड जारी किया था ? वहीं केंद्रीय और छेत्रिय राजनीतिक पार्टियों में भी इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है । जिले में भी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अब इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर आवाज उठाई जा रही है । इसी सिलसिले में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष (ग्रामीण)सुरेंद्र जायसवाल एवं अध्यक्ष (शहर) श्रीमती सपना चौहान द्वारा तिलक भवन में प्रेस वार्ता लिया गया । जिसमे प्रेस को संबोधित करते हुए बताया गया के मोदी सरकार ने व्यावसायिक संस्थाओं को केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से डराकर एवं छापेमार कार्यवाही कर इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से वसूली करवाया । यही कारण है के जिन जिन संस्थाओं ने भाजपा को चुनावी चंदा दिया, उनको हजारों करोड़ के ठेके दिए गए । उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यही कारण है कि जिन जिन संस्थाओं के ऊपर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा छापे की कार्यवाही की गयी थी ,उन संस्थाओं द्वारा बॉन्ड के माध्यम से निवेश के बाद छापे मार कार्यवाही रोक दी गयी । उन्होंने एजेंसियों के छापा मार कार्यवाही को लेकर कहा के इनकम टैक्स विभाग ने दिसंबर 2023 में शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स पर छापा मारा और जनवरी 2024 में उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से 40 करोड़ रुपए दान दिए,इसी तरह फ्यूचर ग्रुप में ई.डी ने 02 अप्रैल 22 को छापा मारा, वहीं 05 दिन बाद फ्यूचर ग्रुप ने 100 करोड़ का इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चंदा दिया ढ्ढ इसी तरह वेदांता को 03मार्च 2021 को राधिकापुर पश्चिम कोयला खदान मिला और फिर अप्रैल 2021 में वेदांता ने इलेक्टोरल बॉन्ड में 25 करोड़ रुपए दान दिया । इससे साफ हो जाता है के भाजपा सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों को आगे कर आर्थिक लाभ लेने के उद्देश्य से षड्यंत्र स्वरूप इलेक्टोरल बॉन्ड को जारी कर रिश्वत लेने का नायब तरीका ढूंढ निकाला, जिससे भाजपा को अधिक से अधिक आर्थिक लाभ मिल सके । उन्होंने कहा के 2019 के बाद भाजपा को करीब 6000 करोड़ से अधिक का दान मिला है, जो कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर स्टेट बैंक द्वारा संस्थाओं की सूची जारी होने के बाद अब साफ हो चुका है के, मोदी सरकार ने दबाव पूर्वक संस्थाओं से आर्थिक लाभ लिए है, जो एक बहुत बड़ा चुनावी चंदा घोटाला है और इस चुनावी चंदा घोटाला को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी भाजपा की मान्यता रद्द करने कि मांग करती है ।

न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02 जिला सरगुजा छ0ग0

रा.प्र.क्र. 202403021700015/ अ-21/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उत्तम आ0 जगधारी, व अन्य 01, निवासी ग्राम आमादरहा, तहसील दरिमा, जिला-सरगुजा (छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम श्रीगढ़ स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 168/2 रकबा 0.020 हे0 भूमि आवेदकगण को रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक विकास कुमार सोनी आ0 अशोक सोनी, निवासी लोकनायक जयप्रकाश वार्ड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 को रू0 23,00,000/-)तेईस लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/04/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी

सील — नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-2

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जरीना विश्वास पति स्वाती विश्वास निवासी बंगालीपारा वार्ड नंबर 02 सिलफिली तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 149/3 रकबा 0.940 हे0 भूमि में से 10 सिमिल भूमि को अनावेदक पुनिता पाल पति आकाश खरे निवासी सिंचाई कॉलोनी राजेन्द्र नगर वार्ड 07 अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच एवं प्रतिवेदनाथ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22/04/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक - 12/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर,सरगुजा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा0) राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज,छ.ग

क्रमांक/398/अ0वि0अ0/2024
राजपुर,दिनांक 11/03/2024

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0- /अ-2/2023-24
ग्राम पंचायत ककना

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम ककना को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार पैकरा आ0 श्री स्व0 रामनारायण, जाति-कंवर, निवासी ग्राम-ककना, तहस.राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज छ0ग0 के द्वारा अपने नाम की भूमि जो ग्राम ककना प0ह0नं0-27, स्थित भूमि स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं0-1207/3 रकबा 0.0690 में से 0.040 हे0 भूमि को कृषि प्रयोजन से भिन्न आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन पत्र मय बी-1,खसरा, शपथ पत्र, के साथ आवेदन पेश किया है, जो न्यायालय में व्यपवर्तन हेतु विचाराधीन है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, या संस्था को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं या किसी मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के माध्यम में अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में दिनांक 27/03/2024 न्यायालयीन समय में पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) राजपुर

संक्षिप्त खेल समाचार

आरसीबी प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए विराट

नई दिल्ली,20 मार्च 2024 । भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल 2024 से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आर सीबी) के प्री-सीजन कैंप में शामिल हो गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने स्टार बल्लेबाज का स्वागत करने के लिए सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट किया।आरसीबी ने एक ट्वीट में कहा, डैडी का घर और वह फिर से शासन करने के लिए तैयार है! विराट कोहली ने नम्मा बेंगलुरु में चेक इन किया और हम शांत नहीं रह सकते। हर कोई खुश है।पूर्व

कप्तान को प्रशिक्षण लेते हुए भी देखा गया था। आरसीबी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कोहली ने कहा, वापस आकर वास्तव में अच्छा लग रहा है, सबसे पहले क्रिकेट खेलना और आईपीएल की शुरुआत करना।

सूर्यकुमार यादव में फिटनेस टेस्ट में फेल

नई दिल्ली ,20 मार्च 2024 । भारत और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 संस्करण के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे और उन्हें बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी नहीं मिली। एनसीए में सूर्यकुमार यादव के मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया, वह फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे। हम गुरुवार को उसके लिए एक और फिटनेस टेस्ट करेंगे और अगर वह पास हो जाता है, तभी वह आईपीएल में खेल सकता है। मुंबई इंडियंस अपना पहला मैच 24 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी और सूर्यकुमार के उस मैच में शामिल होने की संभावना नहीं है।

33 वर्षीय सूर्यकुमार दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद से एक्शन से बाहर हैं। मुंबई इंडियंस का बल्लेबाज जनवरी में सर्जरी के लिए जर्मनी के म्यूनिख गया था। मुंबई में आयोजित मुंबई इंडियंस की प्री-सीजन प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें अभी भी भारतीय टीम प्रबंधन से सूर्यकुमार यादव की फिटनेस पर अपडेट का इंतजार है।

14 वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिपः हॉकी झारखंड क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

पुणे,20 मार्च 2024 । हॉकी झारखंड ने पुणे के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में प्रतिष्ठित 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में अपनी घरेलू टीम को सशक्त बनाकर नॉकआउट दौर में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। पूल सी में शीर्ष पर रहकर टूर्नामेंट। इस पूल में उत्तर प्रदेश हॉकी भी शामिल है, जिसमें वंदना कटारिया और मुमताज खान जैसे भारतीय सितारे शामिल हैं, जो इस अद्वितीय घरेलू आयोजन में अपनी-अपनी घरेलू टीमों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसमें भारतीय टीम के खिलाड़ियों की पूरी उपस्थिति रही है।

भारतीय टीम की आक्रामक मिडफील्डर सलीमा टेटे ने बुधवार को हॉकी मिजोरम के खिलाफ टीम के आगामी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आत्मविश्वास व्यक्त किया। उन्होंने राज्य के जमीनी स्तर के कार्यक्रम की भी सराहना की, जिसने इच्छुक खिलाड़ियों को सही प्रशिक्षण और सुविधाओं के साथ सशक्त बनाया है। पिछले कुछ वर्षों में बहुत बदलाव आया है। पहले खिलाड़ी घास पर खेलते थे लेकिन अब एस्ट्रोटर्फ पर खेलते हैं। झारखंड सरकार से भी हमें काफी सहयोग मिल रहा है। बहुत कुछ है। इन कार्यक्रमों से बाहर आने वाले खिलाड़ियों की संख्या। उनकी क्षमता और उनके पास मौजूद कौशल को देखना आश्चर्यजनक है। हमें हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोला नाथ से भी निरंतर समर्थन और प्रेरणा मिल रही है। प्रतिभा पहचान कार्यक्रम और जमीनी स्तर पर विकास की पहल हॉकी इंडिया की एक प्रेस विज्ञप्ति में सलीमा टेटे के हवाले से कहा गया, नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद मिली।

सलीमा ने इस बात पर भी अपने विचार व्यक्त किए कि कैसे युवा खिलाड़ियों के पास अपनी टीम के अनुभवी खिलाड़ियों से सीखने का यह सुनहरा अवसर है। इन सभी युवा खिलाड़ियों के पास अनुभवी खिलाड़ियों के साथ समय बिताने, उनके साथ बातचीत करने और यह सीखने का मौका है कि वे अपने खेल में कहां सुधार कर सकते हैं। हम हमेशा उनकी मदद करने और उनका समर्थन करने के लिए मौजूद हैं। हमने उनका खेल और ये सब देखा है खिलाड़ियों में आने वाले वर्षों में भारतीय जर्सी पहनने की प्रतिभा है।

इस बीच, फॉरवर्ड के रूप में खेलने वाली संगीता कुमारी ने भी झारखंड में जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रम पर यही विचार व्यक्त किए। मैंने पिछले कुछ वर्षों में बहुत बदलाव देखा है कि कैसे ये कार्यक्रम नई प्रतिभाओं की पहचान करने में फायदेमंद हैं। इन युवा खिलाड़ियों को जिस तरह का प्रशिक्षण मिलेगा, उससे उन्हें अपने कौशल को निखारने में मदद मिलेगी। झारखंड में कई लड़कियों ने हॉकी खेलना शुरू कर दिया है। संगीता कुमारी ने कहा, ÷एक जुनून लेकिन इसमें अपना करियर बनाना। मुझे लगता है कि ये कार्यक्रम सही दिशा में जा रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि राज्य के कई खिलाड़ियों को आने वाले वर्षों में सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका मिलेगा। झारखंड टीम में मौजूदा भारतीय टीम के सितारों के अलावा, इस टीम से जिन अन्य नामों पर निगाहें रहेंगी उनमें दीपिका सोरेंग, दीप्ति टोप्पो, महिमा टेटे, निक्की कुल्लू और रजनी केरकेट्टा शामिल हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट में अपने लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। हॉकी झारखंड ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 13-0 से हराकर 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और अपने दूसरे गेम में उन्होंने उत्तर प्रदेश हॉकी के साथ ड्रॉ खेला।

फीफा डब्ल्यूसी क्वॉलीफायर में भारत की नजरें नंबर तीन पर

नई दिल्ली ,20 मार्च 2024 । जैकसन सिंह और अनवर अली की वापसी से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को फीफा विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना करेगी तो उसकी नजरें तीसरे दौर में जगह बनाने पर लगी होंगी।

मिडफील्ड में जैकसन और सेंटर बैक में अनवर चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। दूसरे दौर के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी पर भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। दो मैचों में एक जीत के तीन अंक के साथ भारत ग्रुप ए में फिलहाल दूसरे स्थान पर है। मौजूदा एशियाई चैम्पियन कतर दो जीत के साथ छह अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं दोनों मैच हार चुकी अफगानिस्तान टीम आखिरी स्थान पर है।

कुवैत के खिलाफ जीत दर्ज करके इगोर स्टिमक की भारतीय टीम ने

पहली बार तीसरे दौर में जाने की उम्मीदें जगाई है। विश्व रैंकिंग में 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान को (घरेलू और बाहर मैच) हराने से 117वीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम के नौ अंक हो जायेंगे। कतर की टीम कुवैत को अगले दो मैच में हरा देगी तो भारत के पास दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका होगा। भारत ने कुवैत को कुवैत सिटी में 1 . 0 से हराया था जबकि भुवनेश्वर में कुवैत ने 3 . 0 से जीत दर्ज की थी।

भारत और अफगानिस्तान के बीच 1949 में पहले मुकाबले के बाद से दोनों टीमें समय समय पर खेलती रही है। विश्व कप क्वालीफायर, एशियाई कप क्वालीफायर और अन्य उपमहाद्वीपीय तथा आमंत्रण टूर्नामेंटों में उनका सामना हुआ है। भारतीय आक्रमण की अगुवाई 39 वर्ष के सुनील छेत्री और मनवीर सिंह करेंगे। छेत्री ने अफगानिस्तान के खिलाफ आठ मैचों में चार गोल किये हैं। वहीं पिछले दो साल में जैकसन ने लगातार 17 मैच खेले हैं। उनकी कमी टीम को कतर में एशियाई कप के दौरान खली थी।

वहीं अफगानिस्तान के कई प्रमुख खिलाड़ी अफगानिस्तान फुटबॉल महासंघ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद से टूर्नामेंट से बाहर हैं। अफगानिस्तान के 18 खिलाड़ियों ने कुवैत और कतर के खिलाफ क्वालीफायर नहीं खेले थे।

आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स की ताकत पर आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली,20 मार्च 2024 । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीज़न से पहले, भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की ताकत के बारे में बात की और कहा कि उनके पास विनाशकारी शीर्ष है। आदेश देना। अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए, चोपड़ा ने दिल्ली के शीर्ष बल्लेबाजी क्रम में विनाशकारी क्रिकेट खेलने के लिए पृथ्वी शॉ की प्रशंसा की। ÷उनके पास विनाशकारी शीर्ष क्रम है। पृथ्वी शॉ सिर्फ हिट करते हैं। उन्होंने एक ओवर में छह चौके भी लगाए हैं। उन्होंने शिवम मावी के खिलाफ ऐसा किया था। फॉर्म - पिछले साल से इस साल तक चीजें बहुत बदल गई हैं। अगर डेविड वार्नर हिट करना चाहते हैं , वह ऐसा बहुत अच्छे से करता है। उसने पिछले साल ऐसा करने का मन नहीं बनाया था,चोपड़ा ने कहा।

अप्रैल में तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगी पाकिस्तान महिला टीम

कराची,20 मार्च 2024 । पाकिस्तान महिला टीम अप्रैल में तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगी. सीरीज के सभी मैच कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम (एनबीएस) में होंगे। वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच तीन वनडे मैच आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 का हिस्सा होंगे। पहला वनडे मैच 18 अप्रैल को होगा। वहीं, दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 21 और 23 अप्रैल को होगा। तीन मैचों की 50 ओवरों की श्रृंखला के बाद 26 अप्रैल से 3 मई तक पांच मैचों की टी20ई खेली जाएगी, जिससे पाकिस्तान और वेस्टइंडीज दोनों को आगामी महिला टी20 विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी।

नवंबर 2021 के बाद वेस्टइंडीज की महिलाओं का यह पहला पाकिस्तान दौरा होगा। पिछली बार उन्होंने तीन एकदिवसीय मैचों के लिए देश का दौरा किया था,

जिसमें उन्होंने जीत हासिल की थी। हम आगामी श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज महिला टीम का पाकिस्तान में हार्दिक स्वागत करते हैं। 2022-25 चक्र के भीतर घर पर चौथी महिला चैंपियनशिप श्रृंखला की मेजबानी करना महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और हमारे खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए पीसीबी की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकें, आईसीसी ने पाकिस्तान की महिला क्रिकेट प्रमुख तानिया मलिक के हवाले से कहा। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखला सिर्फ क्रिकेट के बारे में नहीं है; यह क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच संबंधों को विकसित करने और संबंधों को मजबूत करने के बारे में है। आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 पाकिस्तान महिला टीम के लिए अपने समापन पर आ रही है, दांव पहले से कहीं अधिक है महिला टीम सीधे आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी।

आईटीटीएफ रैंकिंग में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय बने शरत कमल

नई दिल्ली,20 मार्च 2024 । अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने हाल ही में सिंगापुर स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद नई अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) रैंकिंग में लंबी छलांग के साथ भारत का नंबर 1 स्थान हासिल किया।

सिंगापुर स्मैश में शरत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर के रूप में प्रतियोगिता शुरू करने के बावजूद, 41 वर्षीय शरत विश्व नंबर 13

डार्को जोर्जिक और 22 उमर असार को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष एकल स्वर्ण पदक विजेता ने पुरुष एकल रैंकिंग में 88 वें स्थान से 34 वें स्थान तक का सफर तय किया। हरमीत देसाई (65 वें) और मानव ठक्कर (74 वें) शीर्ष 100 में दो अन्य भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं।महिला एकल में, मनिका बत्रा सर्वोच्च रैंक वाली भारतीय पैडलर के रूप में शीर्ष स्थान पर बनी हुई हैं। उन्होंने सूची में दो स्थान नीचे 38वें स्थान पर खिसकने के मामूली झटके के बावजूद अपनी स्थिति बरकरार रखी है। इस बीच, श्रीजा अकुला के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें तीन पायदान आगे 47वें स्थान तक पहुंचा दिया जिससे अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस क्षेत्र में भारत की ताकत और मजबूत हो गई है। नई रैंकिंग में यशस्विनी घोरपड़े को विश्व में 100वां स्थान दिया गया है।

हॉकी इंडिया ने की ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 27 सदस्यीय टीम की घोषणा

नई दिल्ली ,20 मार्च 2024 । हॉकी इंडिया ने छह अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरु होने वाले पांच मैचों के टूर्नामेंट के लिए 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। टीम की उप कप्तानी मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 की तैयारियों के लिए टीम का एक लिटमस टेस्ट होगा। लिटमस एक संकेतक है, जिसका उपयोग उसके रंग परिवर्तन की मदद से यह निर्धारित करने के लिए किया जाता हैभारतीय टीम इस प्रकार है- पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय, विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा, सुमित, संजय, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, अमीर अली, मोहम्मद राहील मौसीन, जरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास शामिल होंगे।ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के लिए अंतिम 16 सदस्यीय टीम के चयन से पहले खिलाड़ियों को अपनी

क्षमता दिखाने का मौका देने के लिए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने लगभग पूरे कोर ग्रुप के साथ जाने का विकल्प चुना है।

क्रेग फुल्टन ने कहा, यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण दौरा होगा क्योंकि इससे न केवल यह पता चलेगा कि हम किस स्तर पर हैं और पेरिस ओलंपिक से पहले हम किन क्षेत्रों में बेहतर होना चाहते हैं। यह खिलाड़ियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। प्रत्येक खिलाड़ी को अपनी पूरी क्षमता दिखाने का पर्याप्त अवसर मिले और विभिन्न संयोजनों का परीक्षण करने के लिए भी यह एक अच्छा दौरा है।उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ खेलना, जो पेरिस में संभावित पोडियम फिनिशर्स में से एक है, चुनौतीपूर्ण होगा और साथ ही वे मैचों में प्रतिस्पर्धा के स्तर के लिए एक समृद्ध अनुभव भी देंगे। यह एक अच्छी एक्सपोजर यात्रा होगी और हम देख रहे हैं इसके लिए आगे बढ़ें। भारतीय टीम छह अप्रैल को पहला मैच, सात अप्रैल को दूसरा मैच खेलेंगी, तीसरा मैच 10 अप्रैल, चौथा 12 अप्रैल और 13 अप्रैल को खेला जायेगा। भारतीय टीम एक अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना होगी।

कंगुवा का दमदार टीजर हुआ रिलीज

खूंखार लुक में दिखे सूर्या और बॉबी देओल

साउथ सिनेमा के कुछ कलाकार ऐसे हैं, जिनकी फिल्मों का फैंस को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। उन अभिनेताओं की सूची में सूर्या का नाम लिस्ट में टॉप पर बना रहता है। सूर्या की अपकमिंग फिल्मों में कंगुवा मौजूद है, जिसकी चर्चा काफी लंबे समय से चली आ रही है। अब तक कंगुवा के कई पोस्टर सामने आ चुके हैं, जिनको देखकर प्रशंसकों का क्रेज काफी बढ़ा हुआ है और अब उनका ये क्रेज दोगुना होने वाला है। क्योंकि सूर्या, बॉबी देओल और दिशा पाटनी स्टारर कंगुवा का टीजर लॉन्च कर दिया गया है।आपको बता दें कि फिल्म मेकर्स की तरफ से इस बात का एलान

पहले ही कर दिया गया था कि आज यानी 19 मार्च को कंगुवा का टीजर रिलीज किया जाएगा। तय समय के अनुसार, सूर्या की मोस्ट अवेटेड फिल्म कंगुवा का टीजर सामने आ गया है। इस टीजर में सूर्या और बॉबी देओल एक दम से अलग और खूंखार अंदाज में दिख रहे हैं।खासतौर एनिमल फिल्म से धमाकेदार वापसी करने वाले बॉबी फिल्म कंगुवा के इस टीजर में धांसू लुक में नजर आ रहें हैं। इन दोंनों एक्टर के खतरनाक लुक इस लेटेस्ट वीडियो में आसानी से देखने को मिल जाएगी। इस टीजर से ये अनुमान लगाया जा सकता है कि सूर्या की कंगुवा एक अलग और अनोखी कहानी दर्शाने वाली है।यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म में बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।प्रशंसक पिछले कुछ दिनों से फिल्म की एक झलक देखने का इंतजार कर रहे थे, जो खत्म हो चुका है।कंगुवा को 38 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी।बताया जा रहा है कि डायरेक्टर शिवा के निर्देशन में कंगुवा को इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है।

मेरी जीवन यात्रा को दिखाता है शो सावधान इंडिया अपनी खाकी में मेरा किरदार : तन्वी मल्हारा

शो सावधान इंडिया अपनी खाकी में एक तेजतर्रार सब-इंस्पेक्टर प्रगति देशमुख की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस तन्वी मल्हारा ने कहा कि उनका किरदार उनकी खुद की जीवन यात्रा को दिखाता है।अपने किरदार के बारे में बात करते हुए तन्वी ने कहा, ऑडिशन के समय पुलिसकर्मी का यह किरदार बेहद कठिन लग रहा था। अभिनय के प्रति मेरे जुनून के कारण यह संभव हो पाया।उन्होंने कहा, ऐसे क्षण थे जब मुझे अपने संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कई दृश्यों के दौरान मुझे लगा कि मैं टूट रही हूं। लेकिन दृढ़ता के साथ मैंने यह सब किया।तन्वी सपनों को लगातार आगे बढ़ाने के महत्व पर जोर देती हैं।एक्ट्रेस ने आगे कहा, बाधाओं के बावजूद मैंने हमेशा एक कलाकार बनने की ख्वाहिश रखी है।

इसी तरह मेरा किरदार प्रगति कभी भी चुनौतियों से पीछे नहीं हटती, और वह मजबूती मुझमें भी झलकती है।उनका किरदार युवा महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का प्रतीक है।



फिल्म वेदा का धमाकेदार टीजर रिलीज

फुल एक्शन अवतार में दिखाई दिए जॉन अब्राहम, शरवरी वाघ

जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की मोस्ट अवेटेड फिल्म वेदा का दमदार टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ फुल ऑन एक्शन अवतार में दिखाई दिए हैं। टीजर में शरवरी वाघ को सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाते देखा जा सकता है। वहीं जॉन अब्राहम उनके रक्षक बनकर उनके साथ जंग लड़ते दिखाई देंगे। दोनों स्टार्स का सामना विलेन बने अभिषेक बनर्जी से होने वाला है।वेदा के टीजर की शुरुआत शरवरी वाघ के एक्शन लोडेड अवतार से होती है। जो अपनी हक की लड़ाई लडने् के लिए जद्दोजहद करती दिखाई देती हैं। इसके बाद जॉन अब्राहम की एंट्री होती है जो कहते हैं- मुझे झगडना् नहीं आता, सिर्फ जंग लडनी् आती है। इसके बाद जब उनके दुश्मन उनकी पहचान पूछते तो वो खुद को बाप बताते हैं। वेदा के टीजर में तमन्ना भाटिया की भी झलक देखने को मिलती है। फिल्म में तमन्ना और जॉन की केमिस्ट्री देखने को मिल सकती है। जी स्टूडियो के प्रोडक्शन में बनी एक्शन फिल्म वेदा को निखिल आडवाणी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ लीड रोल में हैं। इसके अलावा अभिषेक बनर्जी और तमन्ना भाटिया भी फिल्म का हिस्सा हैं। वेदा इसी साल 12 जुलाई को थिएटर्स में दस्तक देगी.बता दें कि वेदा के जरिए जॉन अब्राहम डेढ़ साल बाद पर्दे पर वापसी करने वाले हैं। एक्टर आखिरी बार शाहरुख खान स्टारर पठान में दिखाई दिए थे। फिल्म में जॉन विलेन के रोल में नजर आए थे और ये फिल्म पर्दे पर हिट रही थी।

सुरेंद्र दाऊ ने की भूपेश बघेल की टिकट काटने की मांग

» लगाए गंभीर आरोप

» पीसीसी चीफ दीपक बैज को लिखा पत्र, मची खलबली

रायपुर,20 मार्च 2024 (ए)। कांग्रेस नेता सुरेंद्र दाऊ ने राजनांदगांव से भूपेश बघेल की टिकट काटने की मांग की है। इस संबंध में वे पीसीसी चीफ दीपक बैज को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि राजनांदगांव से भूपेश बघेल की टिकट काटी जाए और भूपेश बघेल की जगह स्थानीय नेता को टिकट दी जाए। पूर्व सीएम भूपेश बघेल बीजेपी से मिले हुए हैं।

उनके इस पत्र के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस में खलबली मच गई है। लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। तारीखों के ऐलान के बाद सभी राजनीतिक पार्टियां कमर कस ली है और प्रचार प्रसार तेज कर दिए हैं। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़



के पूर्व सीएम और राजनांदगांव से लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल की परेशानी बढ़ गई है।

पूरा मामला राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में मंच से पार्टी के खिलाफ भाषण देने वाले सुरेंद्र दास वैष्णव (सुरेंद्र दाऊ) को जिला कांग्रेस कमेटी ने नोटिस जारी कर दिया है। पार्टी ने उनकी हरकत को अनुशासन और आला कमान के निर्देशों का उल्लंघन माना है। जिला कमेटी ने सुरेंद्र दाऊ से पूरे मामले में 3 दिन के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है।

साथ ही समय पर जवाब नहीं मिलने पर एकपक्षीय कार्यवाही की चेतावनी भी दी है। मामला 18 मार्च का है। राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र के कोठरिया बाड़ी में कर्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस दौरान सुरेंद्र ने मंच से ही पूर्व सीएम और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला।

पूछा कि पंच, सरपंच की दरी उठाने की ही जिम्मेदारी है क्या? अगर भिलाई-दुर्ग में पंचायत के चुनाव होंगे तो हम वहां भी काम करने के लिए तैयार हैं। 5 साल बहुत से हमारे नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं को लेकर चिंतन-मनन किया। क्या इसमें हम कार्यकर्ताओं को बुलाया गया। इन लोगों ने बंद कमरे में बैठकर चिंतन-मनन किया। हम इस बात को डंके की चोट पर कहते हैं कि किसानों को भाजपा की सरकार 3100 रुपए धान के दे पा रही है, वो भूपेश बघेल की देन है।

कांग्रेस कमेटी ने सुरेंद्र दास वैष्णव के खिलाफ जारी किया नोटिस

एकपक्षीय कार्यवाही की चेतावनी....

राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में मंच से पार्टी के खिलाफ भाषण देने वाले सुरेंद्र दास वैष्णव (सुरेंद्र दाऊ) को जिला कांग्रेस कमेटी ने नोटिस जारी कर दिया है। पार्टी ने उनकी हरकत को अनुशासन और आला कमान के निर्देशों का उल्लंघन माना है। जिला कमेटी ने सुरेंद्र दाऊ से पूरे मामले में 3 दिन के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। साथ ही समय पर जवाब नहीं मिलने पर एकपक्षीय कार्यवाही की चेतावनी भी दी है।

मामला 18 मार्च का है। राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र

के कोठरिया बाड़ी में कर्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस दौरान सुरेंद्र ने मंच से ही पूर्व सीएम और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। पूछा कि पंच, सरपंच की दरी उठाने की ही जिम्मेदारी है क्या? अगर भिलाई-दुर्ग में पंचायत के चुनाव होंगे तो हम वहां भी काम करने के लिए तैयार हैं। 5 साल बहुत से हमारे नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं को लेकर चिंतन-मनन किया। क्या इसमें हम कार्यकर्ताओं को बुलाया गया। इन लोगों ने बंद कमरे में बैठकर चिंतन-मनन किया। हम इस बात को डंके की चोट पर कहते हैं कि किसानों को भाजपा की सरकार 3100 रुपए धान के दे पा रही है, वो भूपेश बघेल की देन है।सुरेंद्र दाऊ यहीं नहीं रुके एक कार्यकर्ता यहां उठकर कह दे कि 5 साल में उनका एक भी काम हुआ हो। हमारे दुख-तकलीफ, बहू-बेटा का ट्रांसफर में कोई साथ नहीं दिया, सिर्फ प्रताड़ित किया गया। आज मंच पर नई फोटो दिख रही है, लेकिन 5 साल पहले दूसरे नेताओं की तस्वीर मंच पर लगी होती थी। उन्हें होंने कहा कि अगर मैं कुछ गलत कर रहा हूं तो पार्टी चाहे तो मुझे निष्कासित कर दे। मैं कार्यक्रम में बाधा नहीं पहुंचाना चाहता हूं, लेकिन 5 साल हमको मिलने का मौका ही नहीं मिला। इसी के चलते हम विधानसभा चुनाव हारे। इसके लिए हम सब कार्यकर्ताओं को चिंतन करने की जरूरत है। बताते चलें कि सुरेंद्र दाऊ पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष हैं। वे किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

संक्षिप्त खबरें

महासमुंद के पूर्व विधायक का आकस्मिक निधन

महासमुंद,20 मार्च 2024 (ए)। महासमुंद के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव मकसूदन लाल चंद्राकर का आज सुबह निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज ही ग्राम

लभराखुर्द में सुबह 11 निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के लोग काफी तादात में शामिल हुए। महासमुंद की एक और खबर छत्तीसगढ़ के महासमुंद में एक युवक की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। इसके बाद नग्न कर लाश को तालाब में फेंक दी। युवक के गले में चोट के निशान पाए गए हैं। पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नांदगांव का है।

पत्नी ने खुद को जिंदा जलाया,तड़के सुबह हुई मौत

रायगढ़,20 मार्च 2024 (ए)। आपसी विवाद में पत्नी ने अपने शरीर पर पेट्रोल उड़ेलते हुए आग लगाकर अपनी जान गंवा दी। वहीं, गुस्से में आत्मदाह करने वाले पति की हालत गंभीर है। यह घटना तमनार थाना क्षेत्र की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुंजेमुरा में रहने वाला नरेंद्र निषाद रोजी मजदूरी करते हुए घर में अपनी 30 वर्षीया पत्नी सुनीता के लिए गोली-चॉकलेट की दुकान खोल रखा था। 14 बरस पहले सुनीता से शादी करने वाले नरेंद्र का 1 बेटा और 2 मासूम बेटियां भी हैं। बीते शनिवार रात लगभग 10 बजे आपसी बात को लेकर निषाद दम्पत्ति के बीच कहासुनी हो गई। आरोप-प्रत्यारोप का दौर छिड़ने पर विवाद गहराया तो गुस्से से तमतमाई सुनीता ने आव देखा न ताव और दुकान में बिक्री के लिए रखे पेट्रोल को अपने शरीर में उड़ेलते हुए आग लगा लिया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में मिले 4 कंकाल

रायपुर,20 मार्च 2024(ए)। रायपुर के सबसे बड़े अस्पतालों में गिने जाने वाले डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में 4 कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया है। यहां इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक तस्वीर सामने आई है।अंबेडकर अस्पताल के मर्चुरी में 4 साल से 4 लाशें रखी हुई हैं जो कि पूरी तरह से सड़ चुकी हैं। लेकिन अब तक इनकी कोई सुध लेने वाला नहीं आया। यह 4 कंकाल 4 साल से अस्पताल की मॉर्चुरी में पड़ी हैं। लाशें पूरी तरह सड़ चुकी

हैं और सिर्फ अवशेष ही बचे हैं।इन कंकालों को पीपीई किट में लपेटकर रखी गई हैं। बताया जा रहा है 4 साल तक कोई परिजन लाश को लेने नहीं आया जिसके कारण यह लाशें अब कंकाल में तब्दील हो गई है। ऐसे मामलों में एक निश्चत समय तक अस्पताल प्रबंधन द्वारा परिजनों का इंतजार करती है। अगर लाशों की शिनाख्त नहीं होती है तो लावारिस लाश का अंतिम संस्कार अस्पताल प्रबंधन द्वारा कर दिया जाता है। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने इन 4 लाशों का 4 वर्षों तक अंतिम संस्कार नहीं किया है। बताया जा रहा है कि कोरोना की पहली लहर के दौरान यह मौतें हुई थी। इस दौरान शव को पीपीई किट में लपेटकर रख दिया गया था। इन लाशों को 4 साल तक उनके परिजन लेने नहीं आए और सिस्टम की लापरवाही से यह लाशें अब कंकाल में तब्दील हो चुकी हैं।

नेता प्रतिपक्ष महंत ने बीजेपी नेता पर लगाया बड़ा आरोप

» बीजेपी में शामिल हो जाओ या कांग्रेस के खिलाफ षडयंत्र करो,

» नेताओं को धमका रही बीजेपी

रायपुर,20 मार्च 2024 (ए)। लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ का सियासी पारा उबाल पर है। भाजपा और कांग्रेस के बीच लगातार आरोप-प्रत्यारोप के साथ जुबानी जंग जारी है। इन सबके बीच नेता प्रतिपक्ष चरणदास मंहत ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगा दिया है। उनका कहना है कि भाजपा कांग्रेस के नेताओं को डराकर अपने पार्टी में शामिल होने कह रही है. इतना ही नहीं नेताप्रतिपक्ष ने 2 लोगों का नाम भी बताया है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने का बड़ा बयान देते हुए कहा, बीजेपी हमारे नेताओं को डरा धमका रही है। मैं खुलकर नाम लेकर बता रहा हूं। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल पर लगातार बीजेपी दबाव बना रही है. उन पर भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है, नहीं तो झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

आगे उन्होंने कहा, पूर्व संगठन

डराया गया। चिट्ठी और बयान उसी का हिस्सा है। कांग्रेस के दोनों नेता से कहा जा रहा कि बीजेपी में शामिल हो जाओ या कांग्रेस के खिलाफ षडयंत्र करो। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि जांजगीर से लेकर तमाम लोकसभा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को धमकी दे रहे हैं, लेकिन लेकिन हम

डिप्टी सीएम शर्मा बोले,किसी व्यक्ति को दबाव डालकर दल बदल नहीं कराया जा सकता

चरण दास महंत के आरोपों पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा का पलटवार। कांग्रेस नेताओं पर दल के लिये दबाव पर बोले विजय शर्मा। किसी व्यक्ति को दबाव डालकर दल बदल नहीं कराया जा सकता।

कोई गड़बड़ी कोई नहीं किया है तो डर किस बात का क्या कोई ग़लत किया है क्या? एफ आइ आर जैसी कोई चीज़ होती हैं मेरे ऊपर 17-17 केस थे क्या डाल मैंने महामंत्री अरुण सिसोदिया को भी दल बदल किया।

किसी व्यक्ति का किस पार्टी में रहना है नहीं रहना यह उसका व्यक्तिगत विचार है। भाजपा के पास ऐसे ऐसे बड़े नेताओं की आवेदन आए हैं अगर उसे बता दिया जाए तो हड़कंप मत जाएगा। भूपेश बघेल जी दुर्ग की जनता के साथ क्यों धोखा कर रहे हैं। दुर्ग छोड़कर क्यों राजनांदगांव भागे हैं यह उनके पार्टी का विषय है। डरने वालों में से नहीं हैं।

सीएम साय ने कांग्रेस को बताया डूबती नैया,प्रत्याशियों की घोषणा न होने पर कसा तंज

पूर्व सीएम के सामने कार्यकर्ता खुलकर जता रहे नाराजगी

रायपुर,20 मार्च 2024(ए)। कांग्रेस के प्रत्याशियों के ऐलान नहीं होने पर सीएम विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में बिखराव है, डूबती नैया है। इनकी नाव में छेद हो रहा, पानी भर रहा है। लोग कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं। इतना बिखराव है कि पूर्व सीएम के सामने कार्यकर्ताओं की नाराजगी देखी जा रही है। इतना पीड़ित हैं कि उनके सामने बोलना पड़ रहा कि 5 साल में आपने कार्यकर्ताओं को पूछा नहीं।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस्तर संभाग के दौरे के लिए रवाना हुए। रवानगी से पहले सीएम साय ने रायपुर पुलिस ग्राउंड में पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अपने दौरा कार्यक्रम को लेकर कहा कि हर बार दंतेवाड़ा से ही चुनाव का आगाज करते हैं। वहीं से लोकसभा चुनाव की शुरुआत कर रहे हैं। आज दंतेश्वरी माई का आशीर्वाद लेंगे और उसके बाद कार्यकता सम्मेलन में शामिल होंगे।

दायर याचिका खारिज,कोर्ट ने दलील को सही माना

बिलासपुर,20 मार्च 2024 (ए)। चीफ जस्टिस की डिवीजन बैंच ने रामलला दर्शन योजना को लेकर दायर जनहित पर सुनवाई के बाद 5 दिन पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में बुधवार को डिवीजन बेंच ने फैसला सुनाते हुए सरकार की दलील को सही माना। रामलला दर्शन योजना को लेकर दायर याचिका खारिज हो गयी है।

हाईकोर्ट में सरकार ने दलील दी थी कि रामलला दर्शन प्रदेश के सभी वर्गों के लिए है। यह धर्म निरपेक्षता के खिलाफ नहीं है। रामलला के दर्शन के लिए सभी धर्म के लोग जाते है। सरकार के इस तर्क को स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। इससे पहले याचिकाकर्ता ने इसे धर्म निरपेक्षता

के सिद्धांत के खिलाफ बताते हुए रोक लगाने की मांग की थी।

सरकार की ओर से एडिशनल एजी यशवंत सिंह ठाकुर ने सरकार की तरफ से बहस की। बिलासपुर के लखन सुबोध ने यह याचिका दायर की थी। उन्होंने इसे संविधान में दिए गए प्रावधानों के खिलाफ बताया था। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि भारत धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है। रामलला दर्शन योजना संविधान में निहित बातों और शर्तों के विपरीत है।

याचिकाकर्ता ने धर्म निरपेक्षता पर तर्क देते हुए योजना को बंद करने के लिए राज्य शासन को आदेशित करने का आग्रह किया था। आपको बता दें कि दरअसल, राज्य सरकार ने हाल ही में छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम ले जाकर रामलला के दर्शन कराने और वापस लाने के लिए योजना शुरू की है। इसके लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस योजना को बंद करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है।

नव नियुक्त सूचना आयुक्तों को राज्यपाल हरिचंदन ने दिलाई पद की शपथ

रायपुर,20 मार्च 2024 (ए)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज यहां राजभवन के दरबार हाल में आयोजित समारोह में नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार शुक्ल एवं आलोक चन्द्रवंशी को पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शपथ प्रक्रिया पूर्ण कराई। शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डी.डी. सिंह, पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त एम. के. राउत, सरजियस मिंज, पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एस. के. तिवारी, ए.के. अग्रवाल, मोहन पवार, मनोज त्रिवेदी, धनवेंद्र जायसवाल, राज्य सूचना आयोग के सचिव गोपाल वर्मा सहित आई.पी. मिश्रा, राकेश चतुर्वेदी, डॉ. सुरेंद्र शुक्ल, एल.एन. तिवारी, अंजनी कुमार शुक्ल, डी.सी. पाण्डेय, अनुराग दीवान एवं नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों के परिजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार शुक्ल सेवानिवृत ढ्ढस् अधिकारी हैं, और कलेक्टर बालोद एवं कमिश्नर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग आदि पदों पर कार्यरत रहे। वहीं आलोक चंद्रवंशी पूर्व जोन कमिश्नर रहे हैं।

राज्य के सभी पुलिस अधिकारी निर्वाचन आयोग के नियंत्रण में

रायपुर,20 मार्च 2024 (ए)। लोकसभा चुनाव-2024 के संचालन हेतु राज्य सरकार के समस्त पुलिस अधिकारी निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे तथा आयोग के नियंत्रण में रहेंगे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटलनगर से आज इस आशय के अधिसूचना जारी कर दी गई है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के प्रावधान के अनुसरण में तथा भारत निर्वाचन आयोग के परिपत्र में दिए गए निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए, लोकसभा चुनाव-2024 के संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा पदाभिहीत समस्त पुलिस अधिकारी, ऐसे निर्वाचन की अपेक्षा करने वाली अधिसूचना दिनांक से प्रारंभ होकर एवं ऐसे निर्वाचन के परिणामों के घोषित किए जाने की तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के लिए निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे और तद्नुसार, ऐसे पुलिस अधिकारी उस अवधि के दौरान निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन होंगे।

युवक पर किया धारदार हथियार से वार

बिलासपुर,20 मार्च 2024 (ए)। जिले के मस्तूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत धार्मिक नगरी मल्हार में बीती शाम मेले में 3 -4 अज्ञात युवको ने विवाद के बाद एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर फरार हो गए है। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल युवक को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मल्हार में इन दिनों मेले का आयोजन किया गया है, जहाँ बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट रही है इसी दौरान मंगलवार की शाम 8 बजे के लगभग मेला चौक निवासी युवक प्रवीण श्रीवास अपने दोस्तों गोलू और रितेश के साथ मेला घूमने गया था, जहाँ अज्ञात 3- 4 युवको से उसका विवाद हो गया, जिसे आस पास मौजूद लोगों के बीच बचाव के बाद शांत कराया गया, जिसके बाद सभी लड़के मेले में अंदर घुस गए। इसके कुछ देर बाद फिर से उन्ही आरोपी

युवको ने घायल युवक प्रवीण श्रीवास को अकेले में घेरकर उसके साथ मारपीट की।

किसी धारदार हथियार से उसके पीठ, गर्दन पर जानलेवा हमला कर दिया, घटना के वक्त तेज बारिश होने की वजह से दुकाने बंद हो रही थी, लिहाजा जिसका फायदा उठाकर अज्ञात आरोपी युवक मौके से फरार हो गए, घटना की जानकारी लगते ही घायल प्रवीण के दोस्त मौके पर पहुंचे जिन्होंने परिजनों के साथ पुलिस को जानकारी दी,जिसके बाद मौके पर पहुंची मल्हार पुलिस ने अपने पेट्रोलिंग वाहन में घायल युवक को मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ से उसे रिफर करने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती करा उपचार किया जा रहा है। मामले में पीड़ित युवक के चाचा विवेक श्रीवास ने घटना की एफआईआर मल्हार चौकी में दर्ज कराई है, जहाँ पुलिस आईपीसी की धारा 307,34 का अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

150 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश,

सांसद विजय बघेल ने पहनाया भाजपा का गमछा

भिलाई ,20 मार्च 2024(ए)। लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे ही राजनीतिक दलों में दल-बदल का खेल भी शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को कई बड़े झटके लग रहे हैं। कांग्रेस के कई दिग्गज नेता और कई कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसी बीच भिलाई कश्तर से भाजपा के लिए एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, भिलाई क्षेत्र के 150 लोगों ने भाजपा में प्रवेश कर लिया है। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने सभी लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। पार्टी कार्यालय में इनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान भाजपा में शामिल होने वाले सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई . उन्होंने पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने की बात कही। सदस्यता लेने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। बता दें कि, बीते दिनों भी भिलाई क्षेत्र के सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी का साथ छोड़कर भाजपा में प्रवेश कर लिया था। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने ही सभी लोगों को भाजपा में प्रवेश करवाया था।

सीसी रोड निर्माण में भारी भ्रष्टाचार का आरोप

रायपुर,20 मार्च 2024 (ए)। शहर में सरकारी राशि का किस तरह बंदरबांट कर रहे हैं इसका एक नमूना देखने को मिला है। सीसी रोड निर्माण के लिए लाखों रुपये का फंड स्वीकृत किया गया है। जिसमें गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण किया गया है। सीसी रोड से गिट्टियां

उखड़ने लगीं हैं। जगह-जगह गड्ढे भी हो गए हैं। आने वाले दिनों में पूरी सड़क के ही उखड़ जाने का खतरा हो गया है। वार्डवासियों ने इसकी शिकायत तो की है, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है। एक ओर जहां प्रदेश में सरकार बदलने के बाद सुशासन लाने की बात की जा रही है लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपना रवैया अभी तक नहीं बदला है। डिप्टी सीएम अरूण साव, कलेक्टर, निगम आयुक्त के बार बार की चेतावनी के बाद भी निर्माण कार्य की क्वालिटी को लेकर निगम का अमला ही ढिलाई बरत रहा है।निगम के जोन-3 के कालीमाता वार्ड 11 अंतर्गत तिवारी नाले के समीप सी.सी. रोड निर्माण कार्य करा रहा है। इसमें क्वालिटी को लेकर बड़ा खेल किए जाने की खबर वायरल है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह*(पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)